हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 29.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 38 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

# विधानसभा से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को भोजनावकाश के बाद सदन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित किया। इस आशय का प्रस्ताव भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने सदन में रखा। इसे सदन ने ध्वनिमत से सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इस मौके पर प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस प्रस्ताव का हम समर्थन करते हैं लेकिन झारखंड अलग राज्य के योगदान में जयपाल सिंह मुंडा और विनोद बिहारी महतो का भी योगदान रहा है। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजते समय इन दो विभूतियों का भी नाम उसमें जोड़ा जाना चाहिए। इस पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अब तक किसी भी आदिवासी समुदाय के व्यक्ति को भारत रत्न नहीं मिला है इसलिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न मिले इसलिए इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जा रहा है। इसी दौरान कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि विधानसभा परिसर मैं संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर, सिद्धू कानू और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा लगाई जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह बात पहले भी आ चुकी है।

### ग्रामीणों की पिटाई मामले में दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : योगेंद्र

धनबाद के आसनबनी में सेल कंपनी की ओर से अधिगृहित जमीन पर कब्जा हटाने गए प्रशासन की ओर से हुई कार्रवाई में यदि कोई अधिकारी दोषी होगा तो सरकार उसपर जरूर कार्रवाई करेगी। यह बातें मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को दी। मंत्री झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। विधायक ने जमीन अधिग्रहण करने गई प्रशासन की टीम पर कई ग्रामीणों की पिटाई पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने सरकार से ग्रामीणों की पिटाई करने वाले दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। इसपर मंत्री ने कहा कि मामले में पीडिता (वादिनी) उर्मिला देवी सहित चार नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि यह मामला 11 जुलाई का है। मामले में संबंधित लोगों को मुआवजा की राशि लेने के लिए के लिए कई बार कहा गया, लेकिन उन्होंने राशि नहीं ली।

### नीड बेस्ड शिक्षकों का हो समायोजन : प्रदीप

कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्यर के पॉलिटेक्निक कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढा रहे शिक्षकों के समायोजन की मांग की। इसपर उच्च एवं तकनीकि शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अनुबंध पर नीड बेस्ड घंटी आधारित शिक्षकों के समायोजन की जगह इन शिक्षकों अधिमानता देकर उन्हें प्रीफरेंस सरकार देगी।

### सरकार को बदनाम करने और कार्यों में व्यवधान डालने के लिए हो रही है फंडिंग : हेमन्त



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार को बदनाम और हमारे कार्यों में व्यवधान डालने के लिए फंडिंग की जा रही है। जनता को सरकार के विरुद्ध खड़ा करने के लिए फंडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह पूरे देश में काम कर रहा है। रिम्स टू के नाम पर फिर राजनीतिक रोटी सेकी जा रही है। इससे पहले फ्लाई ओवर के विरोध में राजनीतिक दुकानें खोली गयी। लेकिन बरसात के इस मौसम में फ्लाई ओवर के लाभ से राजधानी की जनता वाकिफ हो गयी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अपना उद्देश्य और राजनीतिक विचारधारा है। लेकिन ये अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए केवल सरकार को घेरने में ही लगे हैं। कई जगह सरकार के काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये इसके लिए कानून का भी सहारा लेते हैं। हालांकि कानून और संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में है। लेकिन हम पूरी ताकत से सत्ता में हैं तो उस ताकत के अनुसार काम भी करेंगे। बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने विपक्ष से सकारात्मक सहयोग का आह्वान भी किया। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि ये खुद और व्यापारिक सहयोगियों को विश्व गुरु बनाने की तैयारी में जुटी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सदन ने भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर दिया। लेकिन इनकी केंद्र में बैठी सरकार क्या करती है, यह देखना जरूरी होगा। क्योंकि ये जो बोलते हैं, वह करते नहीं, जो नहीं बोलते, वह जरूर करते हैं।

सीएम ने दिवंगत कर्मियों के परिजनों को दी आर्थिक सहायता, सौंपा एक-एक करोड़ का चेक

# राज्य सरकार दिवंगत कर्मियों के परिजनों के साथ सदैव खड़ी रहेगी : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा में विभिन्न दुर्घटना में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मी कांस्टेबल स्व० अजीत कुमार (जिला पुलिस बल गुमला), आरक्षी स्व० अनिल कुमार झा (जिला पुलिस बल सरायकेला) एवं शिक्षक स्व० सुशील कुमार मरांडी (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) जिला जामताड़ा के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी जो सेवा में रहते हुए किसी भी दुर्घटना में दिवंगत हुए हैं उनके परिजनों के साथ हमारी सरकार सदैव खड़ी है। दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया है।

### दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

मौके पर दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया। दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है। मुख्यमंत्री को आज हमसभी आश्रित परिजन धन्यवाद देते हैं। राज्य सरकार के प्रयास से आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष बीमा कवरेज योजना के अंतर्गत हम सभी आश्रित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए राशि का आकस्मिक लाभ प्रदान किया गया है, इस राशि के प्राप्त होने से परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री डॉ० इरफान अंसारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से झारखंड के हेड एवं महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल, उप महाप्रबंधक प्रशासनिक कार्यालय रांची मनोज कुमार तथा मुख्य प्रबंधक विकास कुमार पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कपास पर आयात शुल्क की छूट 31 दिसंबर तक बढ़ाई गयी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट इस वर्ष 31 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए, केंद्र सरकार ने कपासपर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।



## एक नजर

### 34 मवेशी से लदा कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

**चौपारण :** चौपारण पुलिस ने बृहस्पतिवार को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, अवैध 34 पशु सहित एक कंटेनर को जब्त तक कर लिया है। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बरही की ओर से आ रही कंटेनर वाहन जिसकी संख्या-यूपी 70पीटी 9647 पर अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक क्षमता से अधिक मवेशी लोड़ कर तस्करी करने के लिये चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु चोरदाहा चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में कंटेनर वाहन सं०- यूपी 70पीटी 9647 को पकडा गया। तत्पश्चात उक्त कंटेनर का तलाशी लेने पर कंटेनर में कुल 34 मवेशी लोड पाया गया। जिसे जप्त कर लिया गया तथा कंटेनर वाहन चालक कालका प्रसाद, पिता मैगीलाल प्रजापति सा०- गुलामीपुर हटवारा, थाना- सैनी, जिला- कौशाम्बी (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं०-235/25, धारा- 317(5)/3(5) भा०न्या०सं० एवं 11(डी) (ई) (एच) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम दर्ज कर कंटेनर वाहन चालक कालका प्रसाद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

### ट्रैक्टर के चपेट में आने से महिला घायल

**बरही:** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरीह में ट्रैक्टर के चपेट में आने से उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मुखिया सुलेखा कुमारी ने विद्यार्थियों के बीच बांटी साइकिलें



**बड़कागांव :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ़ में मुखिया सुलेखा कुमारी के हाथों आठवीं क्लास के 32 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया सुलेखा कुमारी व पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित होना। एवं पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ना है। मौके पर छोरया समाज अध्यक्ष कृत्यानन्द महतो, प्रधानाध्यापक उचित्रा सिंह, मनोज कुमार नायक, उमेश प्रसाद दांगी, प्रमेश्वर कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सविता कुमारी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रहलाद कुमार, प्रकाश कुमार, शिवनाथ प्रसाद दांगी, भारती देवी, गुलशन कुमारी, पूनम देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी, सरिता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने एंटी क्राइम के तहत चलाया जांच अभियान



**बड़कागांव :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के निर्देश पर सिकरी ओ.पी थाना प्रभारी राम कुमार राम के नेतृत्व में पतरा पुल के पास एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। साथ में सिकरी थाना के जवान अनूप कुमार किस्कू, दिपक उरांव पुलिस सशस्त्र बल जांच अभियान में शामिल थे।

# हजारीबाग को मिली बीसीसीआई कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी, आठ दिसंबर से होगा पहला मैच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। हजारीबाग को पहली बार बीसीसीआई घरेलू कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी मिली है। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के मानद सचिव सौरभ तिवारी ने एक पत्र के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। यह ऐतिहासिक मैच 8 से 11 दिसंबर 2025 के बीच संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम, हजारीबाग में झारखंड और केरल के बीच खेला जाएगा। जेएससीए के अनुसार बीसीसीआई ने हाल ही में झारखंड में क्रिकेट टूर्नामेंटों के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जेएससीए की सराहना की है। इसी के तहत जेएससीए को 2025-26 सीजन के लिए कुल 77 मैचों की मेजबानी का जिम्मा सौंपा गया है, जिसमें से पहला मैच हजारीबाग को मिला है। जेएससीए ने हजारीबाग जिला क्रिकेट एसोसिएशन से अनुरोध किया है कि मैच के सुचारू संचालन के लिए स्टेडियम को समय पर तैयार किया जाए। पत्र में विशेष रूप से पिच, आउटफील्ड, साइड स्क्रीन, पिच कवर, रोलर, खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम और अन्य सुविधाओं को मैच से कम से कम 15 दिन पहले पूरी तरह से तैयार रखने के लिए कहा गया है। यह हजारीबाग के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि इससे यहां के युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा और शहर का नाम क्रिकेट के मानचित्र पर उभरेगा। इस बड़ी उपलब्धि पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारा वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने संघ के पूर्व सचिव स्व.संजय सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जिस शिद्दत से इस मैदान को तैयार किया और हजारीबाग जैसे छोटे शहर में बीसीसीआई के मैच के मेजबानी का सपना देखा था वह साकार होने जा रहा है। संघ के सचिव बंटी तिवारी ने कहा कि हम तैयारी में जुट गए हैं और निश्चित रूप से हमें इतने बड़े मैच का मेजबानी कर अत्यंत खुशी होगी। बीते 17 जुलाई 2025 को बीसीसीआई के अधिकारियों की एक टीम ने संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण कर जायजा लिया था और बीसीसीआई के मैच के लिए इस स्टेडियम को सक्षम बताया था। उल्लेखनीय है कि मनीष जायसवाल जब से हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने तब से लगातार उन्होंने इस स्टेडियम के कायाकल्प में बदलाव लाने का भरसक प्रयास किया और वर्तमान में स्टेडियम इस स्थिति में हैं जहां अब बीसीसीआई के मैच की मेजबानी की तैयारी हो रही है।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बेघर परिवार को दिया सहारा

# गरीबों का विकास और सहयोग ही फाउंडेशन का उद्देश्य : मंजीत यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के दुलमहा गांव में सोमवार की रात में उमेश भुइयां का कच्चा मकान अचानक गिर गया। गनीमत रही की किसी की जान माल की कोई खतरा नहीं हुआ। घर गिरने की आवाज को सुनकर तुरंत सभी सदस्य घर से बाहर निकले और अपनी जान बचाई। इस घटना से पूरा परिवार बेघर हो गए। अब खुले आसमान में रहने को मजबूर है। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों द्वारा बेघर परिवार को एवं उनके बच्चे को कपड़ा, तिरपाल, खाद्य सामग्री दिया गया। अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि फाउंडेशन हमेशा निस्वार्थ भाव से काम करती है और आगे भी करते रहेगी। फाउंडेशन सभी जनप्रतिनिधि सभी सामाजिक कार्यकर्ता इस क्षेत्र में अनेकों एनजीओ चलाता है। सभी से आग्रह करता है कि गरीब परिवार को मदद करें। मौके पर अध्यक्ष मंजीत यादव संस्थापक सदस्य जमुना यादव, मनोहर यादव, आकाश भारती, कृष्ण भुइया, सागर चंद्रवंशी, कृष्णा भुईयां, राजेन्द्र भुईयां, सागर कुमार, अजय दास, परमेश्वर भुईयां, करण भुईयां, दुःखी भुईयां, बड़कू भुईयां, जंगल भुईयां, मालती देवी, मंजू देवी, रेवंती देवी, करण भुईयां आदि लोग मौजूद थे।

# चौपारण की जर्जर सड़कों पर विधायक की आवाज, मंत्री ने दिया आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने चौपारण प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर तारांकित प्रश्न के तहत सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने पूछा कि क्या यह सही है कि चौपारण प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड (मुनअम पब्लिक स्कूल मोड़ से नेवरी करमा होते हुए अमरौल तक), हथिया से चयकला, बारामोड़ से हारपुर नहर होते हुए मंझौलिया टावर, जीटी रोड चैथी मोड़ से ग्राम चैथी सीमा तक, जीटी रोड से अम्बाजीत, हथिया से सोनपुरा होते हुए रामचक तक की सड़कें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जिससे आमजनों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? और यदि हाँ, तो सरकार इन सड़कों का जीर्णोद्धार कब तक कराएगी? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे आंशिक स्वीकारात्मक बताया। उन्होंने माना कि सड़कों की मरम्मत न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने सदन को बताया कि पीडब्ल्यूडी रोड से हथिया होते हुए चयकला तक सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है और निविदा प्रक्रिया जारी है। बारामोड़ से हारपुर नहर होते हुए मंझौलिया टावर तक का मार्ग कच्चा है, जिसका निर्माण विभागीय नीति और बजटीय प्रावधान के अनुसार कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले पाँच वर्ष या उससे पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त ग्रामीण पथों को मजबूत करने के लिए, विभाग ने विशेष योजना शुरू की है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि बजटीय प्रावधानों के अनुसार प्रशाधीन अन्य सड़कों के जीर्णोद्धार/निर्माण पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विधायक के इस पहल की चौपारण के भाजपा कार्यकर्ता सह मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, राम स्वरूप रजक, राजदेव यादव, भूपेंद्र यादव, किशोर राणा आदि ने सराहनीय कदम बताया।

# ग्राम सभा की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण बंद हो : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र में विस्थापन और निर्दोष ग्रामीणों के ऊपर झूठा मुकदमा दर्ज कर उन्हें डराने धमकाने की बात प्रेस प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने मामले को झारखंड विधानसभा सदन में आवाज उठाया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा, बादम एवं आसपास के गांव में एनटीपीसी, अदानी एवं जेएसडब्ल्यू के कोल ब्लॉक के विरोध पिछले 885 दिनों के लंबे समय से ग्रामीणों के द्वारा सशक्त आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य कारण है कृषि योग भूमि का अधिकरण, ग्राम सभा की सहमति के बिना सर्वे, पुनर्वास एवं विस्थापन नीति की अनिश्चित, संदिग्ध ग्राम सभा प्रक्रिया, एवं भोले भाले निर्दोष रैयतों के ऊपर झूठा मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी का भय दिखा कर डराना धमकाना जैसे कई मुद्दे शामिल है। आगे उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों में 12 अगस्त को एनटीपीसी एवं भूअर्जन पदाधिकारी के द्वारा मुआवजा भुगतान शिविर का आयोजन प्रखंड मुख्यालय में होना था परंतु अधिकारियों के मनमानी की वजह से आनन फानन में शिविर का स्थल बदले जाने पर झड़प हो गई जिसमें कई प्रशासनिक अधिकारी घायल हुए, परंतु आश्चर्य की बात यह है कि केवल 285 विस्थापित ग्रामीण पर ही एक तरफा मुकदमा दर्ज किया गया। जो सरासर गलत है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि निर्दोष ग्रामीणों पर दर्ज केस को तुरंत वापस लिया जाए। घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो एवं ग्राम सभा की स्पष्ट सहमति के बिना किसी भी भूमि की अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे ना बढ़ाया जाए।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरहरा मोड के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का पहचान चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत अकुरवा बेला निवासी निर्भय राणा पिता स्व अजय राणा एवं घायल युवक की पहचान रोहित साव पिता कैलाश साव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बाइक संख्या जे एच 02बीजी 2579 से बरही कोर्ट निजी कार्य से आया हुआ था। जहां से वापस लौटने के क्रम में पुरहरा मोड के नजदीक गैस टैंकर जिसकी संख्या यूपी70ईटी 8316 ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक चालक निर्भय राणा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद गैस टैंकर चालक एवं उपचालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद आस - पास के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। और इस बात की जानकारी बरही पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची बरही पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## छोटकी बरही में धूमधाम से मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

# धार्मिक जागरण ही नहीं, सामाजिक सद्भाव भी विहिप का उद्देश्य : रंजीत चंद्रवंशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश नेता सह विहिप नेता रंजीत चंद्रवंशी मुख्य बौद्धिक वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि आज के समय में हिंदू समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठन की शक्ति को समझें और समाज की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि जब-जब हिंदू समाज एकजुट हुआ है, तब-तब समाज और राष्ट्र ने बड़ी प्रगति की है। विहिप का उद्देश्य केवल धार्मिक जागरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव, शिक्षा और संस्कारों के संरक्षण की दिशा में भी कार्य करना है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में हर परिवार को अपने बच्चों में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी समाज और राष्ट्र को मजबूत बना सके। चंद्रवंशी ने यह भी कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने सभी को आपसी मतभेद भूलकर, एकता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार उर्फ पिंटू, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश कुमार, पंचायत सह मंत्री परमेश्वर पंडित, सत्संग प्रमुख कामेश्वर साव, बजरंग दल सह संयोजक नौरंगी साव, ग्राम विहिप अध्यक्ष उदय कुमार, सत्येंद्र साव, प्रो. हीरामन साव, विनोद साव, भिखारी साव, रामावतार साव, जयनारायण साव, प्रभु साव, बिरजू साव, देवलाल साव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज हत्या कांड के फरार आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर, पीड़िता की मां ने एसपी से लगाई गुहार

**बरही :** कोडरमा जिला के नवलशाही थाना के निमाडीह गांव निवासी गीता देवी पति जगदीश ठाकुर ने हजारीबाग एसपी को बरही थाना कांड संख्या 262/25 के नामजद फरार आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बतायी कि दहेज लोभियों ने 16 जुलाई को 20 हजार नगद तथा अपाची मोटरसाइकिल मांग को लेकर मेरी बेटी को जान से मार कर तालाब में फेंक देने को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर बरही पुलिस ने थाना कांड संख्या 262/25 प्राथमिकी दर्ज किया। उन्होंने कहा कि घटना घटे कई दिन हो गया परंतु अभी तक एक भी अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया है। बतायी कि सभी अभियुक्तों द्वारा बार बार धमकी दिया जाता है कि केश सुलह करो नहीं तो सुपरवीजन में नाम कटवा लेंगे। उसके बाद पूरे परिवार को जान से मार कर फेंक देंगे। उन्होंने बार बार अभियुक्तों द्वारा धमकी से डरी हुई है। उन्होंने कांड संख्या 262/28 के सभी अभियुक्तों को जल्दी गिरफ्तार करने की मांग किया तथा पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया में 44 बच्चों को दिया गया साइकिल



**बड़कागांव :** झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया में अध्यनरत बच्चों को साईकिल उपलब्ध कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य पुर्वी गीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, चोपदार बलिया मुखिया पुजा कुमारी ने कल 44 बच्चों के बीच साईकिल वितरण किया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह सरकार के द्वारा बच्चों को यूनिफॉर्म किताब कलम पेंसिल, दोपहर का खाना और आवागमन जाने के लिए साईकिल की व्यवस्था की गई है। शिक्षक भी मन लगाकर बच्चों को शिक्षित करें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी, प्रधानाध्यापक गोपाल कुमार दांगी, राजु मेहता, शिक्षक सलीमउलाह, परमेश्वर गिरि, जितेन्द्र प्रसाद दांगी, मजाज अल्वी, मोतीलाल गिरि, रेणु देवी, अरुणा कुमारी, सुमन कुमारी, गीता देवी, कोती देवी, नंद किशोर मेहता, खुशबू देवी, गायत्री देवी, कपुरवा देवी आदि उपस्थित थे।

### अंबाटोला के छड़ीदार सुरेश मांझी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र अंबाटोला निवासी 72 वर्षीय छड़ीदार सुरेश मांझी का आकस्मिक निधन हो गया। आदिवासी नियमानुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुरेश मांझी के निधन पर प्रबुद्ध लोगों ने गहरा दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दिया। कोलेश्वर गंझु ने कहा की सुरेश मांझी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे सहयोग करते थे,समाज को उनकी कमी खलेगी। मुख्य रूप से कोलेश्वर गंझु, मुखिया नीलम मिंज ,प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, पंसस संगीता कुमारी, प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझु, पूर्व उप मुखिया रमन गंझु ,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हादेव हंसदा, समेत आदिवासी समाज के कई लोगों के द्वारा गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आंगो पंचायत कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार, संगठन की मजबूती पर दिया जोर



**बड़कागांव :** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी एवं पुर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह भोगता के नेतृत्व में आंगो पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आंगो पंचायत अध्यक्ष महादेव हंसादा, उपाध्यक्ष सोनू मुण्डा, सचिव महावीर महतो, गणेश गंझु, सुनिल तिग्गा, संतोष मुण्डा, देवराम मांझी, साहेबराम मांझी, जाहिद खान, मोहन मरांडी, दिपक कुमार, हिरामन महतो सहित 11 सचिव बनाए गए। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक पंचायत में 13 सदस्यीय पंचायत स्तरीय कमिटी बनाया जा रहा है। और प्रत्येक बुथ के लिए एक-एक बीएलओ भी बनाया जा रहा है। वहीं रमेश सिंह भोगता ने कहा कि कमेटी का विस्तार होने से प्रत्येक पंचायत में संगठन मजबूत होगा। और निश्चित तौर पर पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता एवं सदस्य अपने कार्य के दायित्व को निभाते हुए पार्टी हित में काम करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष राणा, प्रखंड महासचिव जमाल समीर सहित कई लोग मौजूद थे।

### बड़का गांव में तीन दिवसीय झारखंड खेलो प्रतियोगिता शुरू



**बड़कागांव :** झारखंड में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही झारखंड खेलो प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़का गांव प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में बीपीएम प्रहलाद गुप्ता के नेतृत्व में शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि, पंसस कृष्णा राम ने दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू किया। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी, पहले दिन गुरुवार को 55 स्कूल के अंडर 14 के 130 बच्चों ने भाग लिया और अपनी काबिलियत दिखलाई जिसमें कई बच्चों ने स्पर्धा जीती, तथा आयोजक के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 600 दौड़, वॉलीबॉल, कब्बडी, हाई जंप लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो खो खो आदि कई स्पर्धा के खेले गए। मुख्य अतिथि कृष्णा राम ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है। खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। आप बेहतर खेल का प्रदर्शन कर निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि बड़का गांव मध्य पंसस सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि बड़कागांव के स्कूली बच्चों में काफी हुनर है। यहां के बच्चों को अगर बेहतर प्लेटफार्म दिया जाए तो राज्य स्तर एवं देश स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं। शुक्रवार को अंडर 17 के बच्चे शामिल होंगे और लगभग 250 से अधिक बच्चे अपने खेल का परिचय देंगे।

## एक नजर

### मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी पारस में भर्ती

**रांची :** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री और मधुपुर विधायक हफीजुल हसन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उन्हें रांची के पारस अस्पताल में गुरुवार को भर्ती किया गया है। मंत्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंत्री हफीजुल हसन का हालचाल जानने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पारस अस्पताल पहुंचे हैं। इसके अलावा मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, संजय यादव सहित अन्य मंत्री और विधायक भी अस्पताल गए हैं। उल्लेखनीय है कि हफीजुल अंसारी ने जुलाई में ही दिल्ली के मेदांता अस्पताल में हार्ट सर्जरी कराई थी। 8 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ अस्पताल पहुंचकर मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की थी और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक दो सितम्बर को

**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक दो सितम्बर को होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी। यह जानकारी गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) विभाग ने दी।

### झारखंड जगुआर के जवान को सांप ने काटा, स्थिति गंभीर

**रांची :** झारखंड जगुआर के एक जवान को जहरीले सांप ने काट लिया। इसके बाद उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। जवान की पहचान मिथिलेश राम के रूप में हुई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घटना झारखंड जगुआर के कैंप में बुधवार देर रात की है। जवान को सांप काटने के बाद आनन-फानन में रिम्स लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया। उन्हें लगातार एंटी-वेनम दिया जा रहा है। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**रांची :** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को सिविल कोर्ट रांची में किया जाएगा। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-एक के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायिक दंडाधिकारियों, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों, नोडल पुलिस पदाधिकारियों एवं पीएलवी के साथ बैठकें की जा चुकी है। सभी बैंक और इंश्योरेंस कंपनियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। डालसा सचिव रवि भास्कर ने गुरुवार को कहा कि किसी भी न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझाया जायेगा। ऐसे मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एवं तारीखः एसटी-पीआरओजे-केजीपी-ईआई-पीकेयू-ईओ, दिनांक 26.08.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना-II)/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य के नाम का संक्षिप्त विवरण साथ में उसका स्थानः** खड़गपुर मंडल के पांशकुड़ा ईस्ट आउटर केबिन में नई डिस्ट्रिब्यूटेड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग द्वारा पुरानी पैनल इंटरलॉकिंग का प्रतिस्थान। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 7,65,81,378.51; **बयाना राशिः** रु. 5,32,900; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 17.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा प्रकाशित की गई हैः** www.ireps.gov.in वि.द्र.: इस संबंध में, इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी एनआईटी सं. एसटी-पीआरओजे-2-केजीपी-ईआई-पीकेयू-ईओ दिनांक 28.07.2025 को निरस्त माना जाना चाहिए। **(PR-567)**

# शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, अनुशासन और चरित्र निर्माण भी है : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची के वार्षिकोत्सव में कहा कि यह अवसर केवल विद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मकता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डीपीएस राँची ने अनुशासन, ज्ञान और उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा स्थापित की है और इसकी गिनती राँची के प्रतिष्ठित विद्यालयों में की जाती है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और पर्यावरण जैसे विषयों में भी विद्यार्थियों को जागरूक व सक्षम बना रहा है। साथ ही, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन की सफलता केवल अंकों से नहीं आँकी जा सकती। असली परीक्षा यह है कि कठिनाइयों के समय धैर्य, ईमानदारी और आत्मविश्वास बनाए रखें। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का ह्यपरीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों को यही प्रेरणा देता है कि परीक्षा को उत्सव की तरह लें, न कि तनाव का कारण बनने दें। परीक्षा दबाव का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का अवसर है। इसी संदर्भ में उन्होंने भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी का उल्लेख करते हुए कहा कि कलाम जी हमेशा कहते थे। सपना वह नहीं है जो हम सोते समय देखते हैं, सपना वह है जो हमें सोने नहीं देता। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें और अपने अनुशासन एवं चरित्र से राज्य और देश का नाम रौशन करें। माननीय राज्यपाल ने कहा कि हर विद्यार्थी के भीतर असीम ऊर्जा और क्षमता छिपी होती है। आवश्यकता है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। इसमें शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों पर केवल अंकों और परिणाम का दबाव न डालें, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सकारात्मक वातावरण दें। शिक्षा तभी सार्थक है जब बच्चा अनुशासित और चरित्रवान बने। राज्यपाल महोदय ने विद्यालय प्रबंधन से भी आह्वान किया कि वे गरीब एवं मेधावी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय ऐसे बच्चों की मदद करेगा, तो वे भविष्य में सफल होकर विद्यालय और समाज का नाम रौशन करेंगे और आपके योगदान को सदा स्मरण करेंगे।

## दरिदा और लेढ़िडुमर में आठ सितंबर तक तक हटेगा अतिक्रमण : बिरूआ


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** बाघमारा प्रखंड के मौजा दरिदा और लेढ़िडुमर की भूमि पर बनी चारदीवारी को सरकार आठ सितंबर तक हटाया जाएगा। अतिक्रमण वाद संख्या-7/2024-25 में भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश पारित हो चुका है। यह बातें राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरूआ ने कही। मंत्री जदयू विधायक सरयू राय के गैर सरकारी संकल?प में उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सरयू राय ने कहा यदि समय सीमा में यदि यह नहीं हटी तो संबंधित अधिकारी पदाधिकारी पर सरकार कार्रवाई करे। इसपर मंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालय बाघमारा की ओर से कार्रवाई के लिए आठ सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। इस दौरान मजिस्ट्रेट और सशस्त्र पुलिस बल, जिसमें महिला बल भी शामिल होगा, की प्रतिनियुक्ति अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद से मांगी गई है। निर्धारित तिथि को कार्रवाई पूरी कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया जाएगा। वहीं विधायक सरयू राय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार आठ सितंबर को चारदीवारी को हटा देगी। यदि तय तिथि तक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बाघमारा के अंचल अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और धनबाद उपायुक्त के खिलाफ विधानसभा में अवमानना का मामला दर्ज कराएंगे।

## वित्त आयोग की राशि सितंबर में मिलते ही मिलेंगी पंचायतों को : दीपिका पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि 15वें वित्त आयोग के वित्ती य वर्ष 2024-25 और 2025-26 की बकाया राशि सितंबर माह के पहले हफ्ते में केंद्रीय राज विभाग की ओर से मिलने की संभावना है। राशि मिलते ही वित्त आयोग का पैसा राज्य के पंचायतों को मुहैया करा दिया जाएगा। मंत्री ने यह बातें गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण सूचना के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में कही। मंत्री विधायक चंद्रदेव महतो की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में बोल रही थीं। विधायक ने सवाल पूछा था कि वित्त आयोग का पैसा पंचायतों को नहीं मिलने से पंचायतों का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। राशि कब तक उपलब्ध होगी। मंत्री ने कहा कि दोनों वित्तीय वर्ष का 1700 करोड रुपये केंद्र सरकार पर बकाया है। वहीं पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने पलामू के पांकी के मनातू प्रखंड में पिछले तीन वर्षों से बीडीओ का पद खाली होने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां सीओ, बीडीओ के प्रभार में हैं। विधायक ने कहा कि सीओ कहते हैं अधिक अंतराल के कारण यहां का काम समझ में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि पांकी में भी बीडीओ, सीओ के प्रभार में हैं और वे कार्यालय भी नहीं जाते हैं। घर से ही फाइल निपटाते हैं। उन्होंने सरकार से इन प्रखंडों में बीडीओ और सीओ के पद पर अधिकारियों का पदस्थापन करने की मांग की।

## ग्रामीणों की पिटाई मामले में दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : योगेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** धनबाद के आसनबनी में सेल कंपनी की ओर से अधिगृहित जमीन पर कब्जा हटाने गए प्रशासन की ओर से हुई कार्रवाई में यदि कोई अधिकारी दोषी होगा तो सरकार उसपर जरूर कार्रवाई करेगी। यह बातें मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को दी। मंत्री झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। विधायक ने जमीन अधिग्रहण करने गई प्रशासन की टीम पर कई ग्रामीणों की पिटाई पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने सरकार से ग्रामीणों की पिटाई करने वाले दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। इसपर मंत्री ने कहा कि मामले में पीडिता (वादिनी) उर्मिला देवी सहित चार नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि यह मामला 11 जुलाई का है। मामले में संबंधित लोगों को मुआवजा की राशि लेने के लिए के लिए कई बार कहा गया, लेकिन उन्होंने राशि नहीं ली। मंत्री ने कहा कि मामले में दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। लेकिन संभव हो कि दंडाधिकारी घटनास्थकल से दूर हों। इसपर आपत्ति दर्ज करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब मामले में दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी तो यह घटना कैसे हुई। मामले में मंत्री ने कहा कि घटना में दोषी पाए जाने पर अधिकारियों पर सरकार कार्रवाई करेगी।

**नीड बेस्ड शिक्षकों का हो समायोजन : प्रदीप**

कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्यर के पॉलिटेक्निक कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढा रहे शिक्षकों के समायोजन की मांग की। इसपर उच्च एवं तकनीकि शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अनुबंध पर नीड बेस्ड घंटी आधारित शिक्षकों के समायोजन की जगह इन शिक्षकों अधिमानता देकर उन्हें प्रीफरेंस सरकार देगी। उन्होंने कहा कि जिस समय पर इन शिक्षकों की जरूरत थी तो उस समय की सरकार ने इनकी नियुक्ति की थी। सरकार उम्र सीमा और अधिमानता को अन्य राज्यों के प्रावधानों को सरकार अध्ययन करेगी। इसके बाद इसपर निर्णय लिया जाएगा।

**फलाईओवर में दोनों ओर से खोली जाए सड़क : सरयू**

जदयू के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में बन रहे फलाईओवर पर जाम की समस्या से बचने के लिए वन वे की जगह दोनों तरफ से सड़क खोलने की मांग की। इसपर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या हो सकती है। लेकिन सरकार फिर से सभी तथ्यों को ध्यान रखकर इसपर निर्णय लेगी।

### लेडी सुपरवाइजर बहाली पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने महिला पर्यवेक्षक (लेडी सुपरवाइजर) की नियुक्ति प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह नियुक्ति बाल कल्याण विभाग में कुल 421 पदों के लिए की जानी थी, जिसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन जारी कर परीक्षा आयोजित की थी और उसका परिणाम भी घोषित किया जा चुका है। हालांकि, इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए आकांक्षा कुमारी सहित 34 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इन सभी मामलों की एक साथ सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने राज्य सरकार और जेएसएससी से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा और नियुक्ति प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया।

# रांची जिले के 545 आदिवासी गांवों के विकास के लिए 'आदि कर्मयोगी अभियान' की हुई शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने आदिवासी समुदायों के विकास के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है, जिसका नाम 'आदि कर्मयोगी अभियान' रखा गया है। इस अभियान का मकसद जिले के 545 आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और वहां के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अभियान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता, संस्कृति और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में काम किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत उप-विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने समाहरणालय स्थित ब्लॉक-ए सभागार में दीप जलाकर की। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल आदिवासी समाज को सशक्त बनाने का जरिया है, बल्कि यह जिम्मेदार शासन और सामुदायिक विकास का एक मॉडल भी बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय लोगों और संस्थाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीकी सहायता दी जाएगी, ताकि वे अपने गांव के विकास में खुद भाग ले सकें। इस मौके पर आईटीडीए रांची के परियोजना निदेशक संजय कुमार भगत, डीआरडीए निदेशक सुदर्शन मुर्मू, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी मती सुरभि सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और कई स्वयंसेवी संगठन शामिल हुए। कार्यक्रम में बताया गया कि इस अभियान के तहत गांवों में पंचायतों को मजबूत किया जाएगा, महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे, बच्चों और युवाओं को शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलेगा, स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारा जाएगा और आदिवासी कला-संस्कृति को भी संरक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण की रक्षा और जल, जंगल, जमीन के टिकाऊ उपयोग पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों और पंचायतों के प्रतिनिधियों को इस अभियान की रूपरेखा, योजनाएं और अमल की रणनीति बताई गई। साथ ही यह तय किया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर उपयोग कर गांवों में जरूरी संसाधन पहुंचाए जाएंगे। अभियान की निगरानी और मूल्यांकन के लिए भी एक व्यवस्था बनाई गई है, ताकि यह देखा जा सके कि अभियान से असल में क्या बदलाव आ रहा है।अंत में उप-विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ शपथ ली।

## संक्षिप्त खबरें

### पुण्यतिथि पर कांग्रेस के नेताओं ने दी पीएन सिंह को श्रद्धांजलि




**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 12वीं पुण्यतिथि गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन के बाद सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों ने पीएन सिंह के व्यक्तित्व के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश के वक्ताओं ने सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्त्ता और उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था। कहा गया कि पीएन सिंह के नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों की ओर से इस परंपरा का निर्वाहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जो लोगों के दु:ख-सुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। अपने जीवनकाल के कई उतार-चढ़ाव के बीच वो हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे। वे कांग्रेस कार्यकताओं के प्रिय नेता थे। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो में डॉ प्रदीप बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, अभिलाष साहु, सुरेंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, शैलेन्द्र सिंह, धमेन्द्र सिंह, लोहा सिंह, सत्यानारायण सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुनिल सिंह सहित कई कांग्रेसजन शामिल थे।

### पहला स्वदेशी सोशल मीडिया सुपर ऐप ब्लु एरा लॉन्च



**रांची :** देश का पहला पूर्ण रूप से स्वदेशी सोशल मीडिया सोशल सुपर ऐप ब्लु एरा को नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। यह पूरी तरह से भारतीय तकनिक और विकास पर आधारित है, जिसमें किसी भी विदेशी निवेश की भागीदारी नहीं है। यह बातें गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में सह संस्थापक मनीष शर्मा, एडवाइजर अविनाश पांडे और हरी शंकर पांडेय ने सयुंक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि ब्लु एरा ऐप एक स्वदेशी बहूआयमी काम करने वाला मंच है जो सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स और रोजगार के अवसर और सुरक्षित मैसेंजिंग को एक स्थान एकत्रित करता है। यह सुपर ऐप भारतीय उपभोक्ताओं को डाटा को सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ-साथ छोटे व्यवसायों विक्रेताओं और स्थानीय बाजारों को मजबूत बनाने के लिए निर्मित किया गया है। ब्लू एरा के संस्थापक मनीष शर्मा ने कहा कि बहुत सारे विदेशी चैट और एप्लीकेशन का लॉलीपॉप देकर हमारे लोगों का डाटा अपने पैरंट कंपनी और अन्य विदेशी कंपनियों को बेचकर भारतीयों को आपस में लड़ाया जा रहा है। टीम ब्लू एरा ऐप और हम भारत के लोग ऐसा होने नहीं देंगे। मौके पर ब्ल्यू ऐरा के एडवाइजर अविनाश पांडे ने कहा कि बहुत सारी विदेशी निवेश वाली फूड इंडस्ट्री और ई-कॉमर्स कंपनियां हमारे बाजार को तबाह करने पर तुली हुई हैं। पांडे ने कहा कि ब्ल्यू ऐरा ऐप स्वदेशी जन आंदोलन की ओर से व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ने और बाजारों को पुनः गुलजार करने के लिए लोगों से मदद की अपेक्षा है।

### झारखंड विधानसभा : मांडू विधायक अपनी मांगों को लेकर सदन के बाहर धरने पर बैठे




**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे और अंतिम दिन गुरुवार को सदन के बाहर मांडू विधायक तिवारी महतो अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से चैनपुर और कर्मा को अलग प्रखंड का दर्जा देने और दाड़ी प्रखंड को रामगढ़ जिले में शामिल करने की मांग की है। तिवारी महतो ने कहा कि वह कई बार इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के सामने रख चुके हैं लेकिन वे हर बार इसे अनदेखा कर देते हैं। विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए इन मांगों को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए।

### आदिवासियों पर दमन कर रही है सरकार : संजय मेहता

**रांची :** सूर्या हांसदा के कथित एनकाउंटर का मामला मानवाधिकार आयोग दिल्ली पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता के विस्तृत आवेदन पर आयोग ने केस दर्ज किया है। आजसू पार्टी ने घटना के बाद लगातार 10 दिनों तक तथ्यों और सूचनाओं को एकत्रित किया। इसके बाद आयोग को विस्तृत तौर पर पार्टी के द्वारा एक शिकायत पत्र लिखा गया। 21 अगस्त को आजसू पार्टी ने मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर इस मामले की जांच करने का निवेदन किया। आयोग ने आवेदन प्राप्त होने के बाद 27 अगस्त को इस मामले में केस संख्या 1031/34/9/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आयोग ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। संजय मेहता ने बताया कि सूर्या हांसदा के मौत का मामला मानवाधिकार के हनन का मामला है। हर व्यक्ति को कानून के समक्ष अपने पक्ष को रखने का अधिकार है। सूर्या हांसदा चार बार चुनाव लड़ चुके थे। वे मुख्यधारा के व्यक्ति थे। सजा देने का अधिकार कोर्ट को है। सूर्या हांसदा किसी मामले में कोर्ट द्वारा फरार घोषित थे ऐसा भी नहीं था। कथित पुलिस एनकाउंटर में सूर्या हांसदा की मौत ने पुलिस की कारवाई पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। पुलिस प्रशासन को इसका स्पष्ट और सही कारण बताना होगा। इस घटना के बाद से परिजनों ने जो आरोप पुलिस पर लगाए हैं उसका जवाब भी पुलिस को देना चाहिए। संजय मेहता ने कहा की आयोग से इसकी शिकायत बेहद आवश्यक थी। झारखंड में लगातार आदिवासियों पर जुल्म किए जा रहे हैं। फर्जी मुकदमे और एनकाउंटर के माध्यम से आदिवासियों पर दमन किया जा रहा है। पुलिस और माफियाओं के गठजोड़ से राज्य में पुलिस की छवि खराब हुई है। पुलिस अपनी रॉबिनहूड की छवि बनाने के नाम पर फर्जी एनकाउंटर कर रही है।

## एक नजर

### चोरी और छिनतई की घटनाओं पर रोक लगे : नीरा यादव



**कोडरमा** : जिले में कई मंदिरों से चोरी की घटनाएं हुईं हैं तो वहीं कुछ स्कूलों में चोरी और महिलाओं से छिनतई और घरों से चोरी के मामले सामने आए हैं। लगातार चोरी और छिनतई की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को विधानसभा सत्र के दौरान इस मामले को उठाते हुए राज्य सरकार से मामले में संज्ञान लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि इंदरवा पंचायत के सलईडीह, मरकच्चो के नावाडीह, चेचाई स्थित मंदिर और कोडरमा रेलवे स्टेशन के काली मंदिर को निशाना बनाया गया, वहीं कुछ स्कूलों से कम्प्यूटर और अन्य सामग्री की चोरी की गयी है। कई मामलों में पुलिस की कार्यवाई बेनतीजा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने बेलगाम अपराध, चोरी और छिनतई की लगातार हो रही घटनाओं पर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन मामलों पर त्वरित कार्यवायी करने की मांग की है ताकि लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास कायम रहे।

### गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के छात्र इशांत कौशल ने हासिल किया राज्य स्तर पर पंचम स्थान



बोकारो : गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो के कक्षा 9वीं के मेधावी छात्र इशांत कौशल ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नेशनल लेवल साइंस टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2024-25, जिसे यूनिफाइड काउंसिल द्वारा आयोजित कराया गया था, में राज्य स्तर पर पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, राज्य, देश और अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती ने इशांत को सम्मानित करते हुए कहा—यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इशांत ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं कि वे भविष्य में भी नई ऊंचाइयां प्राप्त करें। विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय तरसेम सिंह जी ने अपने संदेश में कहा इशांत का यह प्रदर्शन न केवल विद्यालय बल्कि पूरे बोकारो और झारखंड राज्य के लिए गौरव का विषय है। हम उन्हें हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हैं। माननीय सचिव महोदय श्री एस. पी. सिंह जी ने भी छात्र की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा—इशांत की इस सफलता ने विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। हम प्रार्थना करते हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय इकाई प्रभारी श्री जी. के. मिश्रा ने भी छात्र को बधाई देते हुए कहा—इशांत की यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह सिद्ध करता है कि यदि लगन और मेहनत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

### पुण्यतिथि पर बोकारो में याद किए गए पार्श्वगायक मुकेश

**बोकारो** : फिल्म संगीत के हरदिल अजीज पार्श्वगायक मुकेश की 49वीं पुण्यतिथि पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 12 में संगीत संध्या आयोजित कर बोकारो के कलाकारों ने उन्हें स्वरमयी श्रद्धांजलि दी। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले रमण चौधरी व रागिनी सिन्हा अंबष्ठ के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों द्वारा मुकेश जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई।

# गणपति थाना थीम पर सजा पंडाल गणेश जी बने झारखंड के डीजीपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर-4 के मजदूर मैदान में इस वर्ष गणेश पूजा का पंडाल एक अनोखे अंदाज में सजाया गया है। इस बार हनुमान दल पूजा समिति के द्वारा ₹गणपति थाना₹ थीम पर पंडाल का निर्माण कराया है, जहाँ गणेश जी को झारखंड के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) के रूप में दिखाया गया है। भक्तों को संदेश दिया गया है कि विघ्नहर्ता गणपति स्वयं अपने ₹थाने₹ से पूरे राज्य और देश का नियंत्रण कर रहे हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बताया कि हर साल यहां धूमधाम से गणेश पूजा और मेला-झूला का आयोजन होता है। लेकिन इस वर्ष कुछ बाधाओं के कारण आयोजन में विलंब हुआ तथा अपेक्षित भव्यता नहीं हो पाई। इसके बावजूद समिति ने हिम्मत नहीं हारी और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेकर गणपति थाना की स्थापना की। उन्होंने कहा कि संदेश यही है कि झ ₹जो भी बप्पा के कार्य में विघ्न डालेंगे, गणपति अपने थाने में उनका हिसाब करेंगे और पूरे राज्य व देश से विघ्नों का निवारण करेंगे। स्थानीय लोग इस थीम आधारित पंडाल को देखकर बेहद आकर्षित हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्ष में आनंद अवधेश सिंह , अंजन, मनीष, कृष्णा ,संतोष यादव ,संतोष शाह, विकास, मंतोष, सौरव, बबलू गुप्ता, दीपक, हनुमान दल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर बोकारो सर्किट हाउस में हुई आपात बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : आगामी 13 सितम्बर को बोकारो के टाउन हॉल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बोकारो सर्किट हाउस में आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किरण चंद्र बाऊरी ने की। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पी.के. लाला के निर्देशों को जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं तक पहुँचाया गया। प्रमंडल अध्यक्ष कर्ण सिंह चौधरी ने कार्यकताओं से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सम्मेलन की सफलता संगठन की एकजुटता और भागीदारी पर निर्भर करेगी। इस अवसर पर हजारीबाग प्रमंडलीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौधरी, महासचिव आशीष माहाथा, प्रवक्ता अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश चौबे, प्रदेश संगठन सचिव, कानूनी सलाहकार के.के. पाल, उपाध्यक्ष संजय माहाथा, जिला अध्यक्ष किरण चंद्र बाऊरी, महासचिव रूपचंद मुर्मू, उपाध्यक्ष चंदन सिंह, प्रवक्ता सूरज पासवान, संजय पटनायक, कोषाध्यक्ष अताउद्दीन अंसारी, शशांक कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गणेश पूजा का भव्य आयोजन, सांसद व बीएसएल डायरेक्टर इंचार्ज बी.के. तिवारी ने की पूजा-अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर के हर्षवर्धन प्लाजा के समीप गणेश मंडली की ओर से बुधवार को गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा सांसद ढुलू महतो और बोकारो इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज बी.के. तिवारी ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। दोनों अतिथियों ने विधिवत रूप से पूजा कर भगवान श्री गणेश की आरती उतारी और नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद ढुलू महतो ने इस अवसर पर कहा कि, ₹बोकारो में गणेश मंडली हर वर्ष अद्भुत एवं भव्य गणेश पूजा का आयोजन करती है। यहां स्थापित गणेश प्रतिमा हमेशा विशाल और आकर्षक होती है। इस पावन अवसर पर मैं पूरे नगरवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं देता हूं। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। गणेश मंडली के अध्यक्ष राजकुमार जी, डब्बू सिंह, अर्चना सिंह, आलोक कुमार, लाल बाबू जी, अनिल सिंह, रवि कुमार समेत मंडली के सभी सदस्य आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे और भक्तों की सेवा-सुविधा का ध्यान रखा। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था। भक्तों में उल्लास और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## सीबीएसई क्लस्टर खो-खो चैम्पियनशिप में ग्रिजली विद्यालय की अंडर-14 टीम ने रचा इतिहास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : ग्रिजली विद्यालय की अंडर-14 बालकों की टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, गिरिडीह द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-ककक खो-खो चैम्पियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में बिहार और झारखंड क्षेत्र के लगभग 37 विद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें ग्रिजली विद्यालय ने बाजी मारते हुए लगातार दूसरी बार चैम्पियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया।कोच सुनील कुमार साव के कुशल प्रशिक्षण में तैयार की गई इस टीम ने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन तालमेल, चुस्ती और खेल भावना का परिचय दिया। विजेता टीम में अजीत कुमार, आयुष कुमार, अंश राज सिंह, समर प्रताप सिंह, अनमोल कुमार, राजदीप सोलंकी, हिमांशु कुमार, सतीश कुमार, कौशल मंडल, लक्ष राज, विकास कुमार और पियूष कुमार शामिल थे।इस स्वर्णिम जीत के साथ ही टीम ने गांधीनगर, गुजरात में 1 से 5 सितम्बर तक आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। विद्यालय परिवार और समर्थकों ने टीम की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।छात्रों की इस ऐतिहासिक सफलता पर निदेशक द्वय मनीष कपिसमे और अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी. डी. नस्कर, अनुराग कुमार, शिल्पी भदानी और प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह तथा स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास ने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षक सुनील कुमार साव और टीम मैनेजर बॉबी आनंद सहित सभी अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और ज़िले का नाम रोशन करेंगे।

## शिलापटट में जनप्रतिनिधियों के नाम नहीं रहने पर भाजपा ने जताई नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : जिला स्थित पोटका प्रखंड के डोमजुड़ी में टाटा पावर की ओर से निर्मित सोलर पावर प्लांट के उद्घाटन से पहले भाजपा ने विरोध करने की घोषणा की है। पार्टी का कहना है कि उद्घाटन शिलापट्ट में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, स्थानीय जिला परिषद सदस्य हिरणमय दास, मुखिया और ग्राम प्रधान जैसे प्रमुख जनप्रतिनिधियों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं, जिससे कार्यकताओं और नेताओं में गहरा आक्रोश है। गुरुवार को भाजपा के असानबनी मंडल अध्यक्ष हलधर दास, महामंत्री निधु दास, प्रभाकर दास, जगदीश दास और आलोक भक्त ने एक प्रेस वार्ता कर इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर की और शुक्रवार को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम का विरोध करने की बात कही। भाजपा नेताओं का कहना है कि जनता की ओर से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर टाटा पावर ने असंवैधानिक और लोकतंत्र विरोधी रवैया अपनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी न सिर्फ उनका अपमान है, बल्कि जनता के अपमान के बराबर है। बताया गया कि अभी तक उद्घाटन स्थल पर शिलापट्ट नहीं लगाया गया है, लेकिन मोबाइल पर आई उसकी तस्वीरों में सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों के नाम नदारद हैं। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं में भारी असंतोष देखा जा रहा है।

डोमजुड़ी में बने इस सोलर पावर प्लांट से 15 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा और यह 84 एकड़ जमीन पर फैला है।

# समाज कल्याण योजनाओं की हुई मासिक समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, चुनौतियाँ और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की समीक्षा से हुई, जिसमें पूर्व निर्देशों के आधार पर योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया और सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं जैसे भवन, शौचालय, पोषण वाटिका और रसोईघर की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए सभी केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कन्यादान योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार प्रगति करने वाली परियोजनाओं को अगले माह तक 100% लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। पोषण ट्रैकर में ऋफर रिपोर्टिंग की धीमी गति को देखते हुए समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, वीएचएसएनडी, गृह भ्रमण, वृद्धि निगरानी और सामुदायिक आधारित आयोजन जैसी गतिविधियों का सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सत-प्रतिशत आयोजन अनिवार्य किया गया। सावित्रीबाई फुले योजना के अंतर्गत संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि योग्य लाभार्थियों को समय पर लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें, क्योंकि अब तक प्राप्त आवेदन असंतोषजनक पाए गए हैं। आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी प्रक्रिया में सेविका एवं सहायिका की प्रगति अत्यंत धीमी रही, विशेष रूप से मर्दा को छोड़कर अन्य परियोजनाओं को एक सप्ताह में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। समर योजना के अंतर्गत पोषक क्षेत्र में चिन्हित कुपोषित बच्चों को समर्पित रूप से पंजीकृत करने की प्रक्रिया धीमी रही, जिसे गति देने हेतु सभी सेविकाओं को निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में खराब प्रदर्शन करने वाली परियोजनाओं को अगली बैठक से पूर्व रिपोर्ट में सुधार लाने की सलाह दी गई, साथ ही सभी योग्य लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ देना अनिवार्य किया गया। कन्यादान पुनर्विवाह योजना के अंतर्गत परियोजनाओं में मौजूद योग्य लाभार्थियों को शीघ्र लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में रवि जैन, कनक कुमारी तिर्की, जिला शिक्षा अधीक्षक, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी, विशेष प्रमंडल के कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षक, पप्पू कुमार यादव (प्रखंड समन्वयक), सिद्धार्थ पाठक, संदीप और मनीष कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तिलैया थानान्तर्गत सीओटीपीए एक्ट के तहत छापामारी किया गया



**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निदेर्शानुसार पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, तिलैया द्वारा नगर परिषद के सहयोग से तिलैया थाना क्षेत्र में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 एक्ट के तहत विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। छापामीर अभियान के दौरान सी0एच0 स्कूल, तिलैया के पास गुमटी/दुकान में छापामारी की गयी, जिसमें दो गुमटी/दुकान से तंबाकू, गुटका एवं सिगरेट को जप्त करते हुए दोनों दुकानदारों को 5000-5000 रुपए के चालान काटा गया। इस क्रम में आम लोगों को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई और यह बताया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना तथा तंबाकू उत्पादों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है । पुलिस अधीक्षक महोदय,कोडरमा ने कहा है कि इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके और आमजन को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभानों से बचाया जा सके ।

### सतगावां थाना प्रभारी ने छात्रों को किया जागरूक



**कोडरमा** : राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान, सतगावां इकाई के तत्वाधान में आयोजित कार्याक्रम के दौरान थाना प्रभारी सतगावां द्वारा छात्र/छात्राओं विभिन्न विषयो पर जागरूक किया गया, जिसमें महिला अपराध, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, तंबाकू/मादक द्रव्य से होने वाली दुष्प्रभाव, आपातकालीन सेवाओं,यातायात नियमों, साइबर धोखाधड़ी एवं व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल विवाह एवं वाल मजदूरी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकरी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया । कोडरमा पुलिस के द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा ताकि बच्चें/ बच्चियों के बीच जागरूकता फैलाया जा सकें । पुलिस प्रशासन द्वारा शैक्षणिक संस्थाओ के प्रबंधक से भी अपील की गई है कि वे अपने स्तर से भी उपयुक्त विषयों के बारें मे बच्चें/ बच्चियों को जागरूक करने का प्रयास करें ।

### तेली-साहू समाज के महामंत्री वीरेंद्र कुमार साहू राजद में शामिल



**कोडरमा** : तेली-साहू समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष और वर्तमान में समाज के महामंत्री और पूर्व सीएम रघुवर दास के करीबी वीरेंद्र कुमार साहू ने राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली। गुरुवार को विशुनपुर आश्रम रोड,झुमरीतिलैया स्थित राजद प्रधान कार्यालय में वीरेंद्र कुमार साहू को राजद के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू और जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने सदस्यता दिलाई। पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा लालू प्रसाद यादव ने पिछड़ो को आवाज दी,पिछड़ा समाज आज अपने हक अधिकार के लिए गोलबंद हुआ है, ये सामाजिक न्याय के विचार और नारे से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि पिछड़े समाज को शोषण और अन्याय के खिलाफ लड़ना लालू प्रसाद यादव ने ही सिखाया। झारखण्ड में राजद सामाजिक न्याय के नारे और सोच में विश्वास रखने वालों को सम्मान दे रही। उन्होंने कहा कि कोडरमा में तेली-साहू समाज के नेता वीरेंद्र कुमार साहू के राजद में जुड़ने से पार्टी काफी मजबूत होगी।उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज जागरूक हो रहा है और इतिहास,वर्तमान और भविष्य का आंकलन कर अपने हक अधिकार के लिए सामाजिक न्याय के लिए गोलबंद हो रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में संगठन को सशक्त बनाने के लिए पिछड़ा प्रकोष्ठ को धारदार बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि कोडरमा राजद की जनाधार वाला क्षेत्र है,राजद के कार्यकर्ता गांव गांव में है। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र कुमार साहू सामाजिक कार्यकर्ता है,इनका राजद में स्वागत है। इनके राजद में शामिल होने से राजद सशक्त होगी और इनकी सांगठनिक क्षमता का लाभ निश्चित तौर पर राजद को होगा।

### ईएसएल स्टील ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर जमीनी स्तर से उभरती तीरंदाजी प्रतिभाओं का मनाया जश्न



**बोकारो** : राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड अपने वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है। बोकारो, झारखंड की यह अकादमी ग्रामीण बच्चों को गांव से महानता तक पहुंचने का मौका दे रही है। 2018 में स्थापित इस अकादमी में आज 55 से अधिक बच्चे पेशेवर कोचों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां उन्हें अभ्यास के साथ-साथ तीरंदाजी के उपकरण, पौष्टिक आहार, फिटनेस और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर दिया जाता है। अब तक अकादमी के खिलाड़ियों ने 185 मेडल जीते हैं, जिनमें से 10 राष्ट्रीय स्तर पर हैं। इनमें से कुछ युवा सितारे हैं। यवना यादव (10 साल, मुनीदीह गांव): 2022 में नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप किड्स में गोल्ड मेडल, और 2023 व 2025 में एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन मेमोरियल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल। कृतिका कुमारी (सियालजोड़ी): 2024 में मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, जो रोज अपने गांव से साइकिल चलाकर अभ्यास के लिए आती हैं।

## सोसाइटी ने क्विज की विजेता बच्चियों को किया पुरस्कृत

**देवघर :** देवघर के मातृ मंदिर कन्या विद्यालय में बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी ने क्विज का आयोजन किया। क्विज में स्कूल के चार हाउस की बच्चियों ने भाग लिया। सबसे अधिक अंक लाकर ब्लू हाउस पहले स्थान पर रहा। संस्था के केंद्रीय सचिव डॉ मनोज कौशिक ने बेहतर प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार विजेता ब्लू हाउस की आयुषी कुमारी, पूजा, सृष्टि व ज्योति को मिला. वहीं, येलो हाउस की अनूपा, श्रुति, आद्या व दीक्षा को दूसरा पुरस्कार, जबकि ग्रीन हाउस की हर्षिता कुमारी, दीपा, स्नेहा और लक्ष्मी को तीसरा पुरस्कार मिला। रेड हाउस की साक्षी, निधि, श्रुति व प्रीति को चौथा पुरस्कार मिला। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विशु किरण ने इस आयोजन के लिए संस्था का आभार जताया।

# हमारा नया भारत हरा-भरा हो : क्लोरोफिल स्कूल की पर्यावरण टोली ने किया वृक्षारोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** हमारा नया भारत हरा-भरा होना ही चाहिए - एक वृक्ष दस पुत्र समाना के अभियान मंत्र के साथ बुधवार की अहले सुबह स्थानीय क्लोरोफिल स्कूल के निदेशक अजय अग्रवाल पर्यावरण टोली के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण करने जयनगर-गोहाल स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान पहुंचे। पर्यावरण टोली में तिलैया से संपर्क प्रमुख दिलीप सिंह, जयनगर से मुकेश राणा एवं सुनील यादव सहयोग कर रहे थे। राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी के कैडेट वृक्षारोपण करते हुए काफी उत्साहित दिखे। दिन भर के कार्यक्रम में पीपल, आम, अमरूद और गुलमोहर के कुल 32 पौधे राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के परिसर में लगाए गए जिनमें पांच पौधे पीपल के हैं। सेमिनार हॉल में छात्र-छात्राओं को एवं एनसीसी के कैडेट्स को संस्थान के शिक्षकों की उपस्थिति में मुकेश राणा, दिलीप सिंह एवं अजय अग्रवाल ने अपने देश का अच्छा नागरिक बनने के लिए, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं के आलोक में भी प्रेरक संबोधन दिया। व्याख्याता एवं एनसीसी ऑफिसर संतोष कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्लोरोफिल के निदेशक अपने विद्यालय के नाम के अनुकूल पूरे जिले में हरियाली फैलाने में लगे हुए हैं और वे अपने साथ गोबर की खाद और माली को भी साथ लेकर चल रहे हैं। व्याख्याता सोहन टोप्पो, कार्यालय सहायक आदित्य भगत, छात्रावास वार्डन रीता शर्मा, केयरटेकर ललिता कुमारी, विक्की यादव, रंजीत कुमार, एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर पवन तिर्की, सीनियर गर्ल्स कैडेट अनन्या नाथ एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण ओझा ने धन्यवाद करते हुए कहा कि इस वृक्षारोपण अभियान का सारा खर्च क्लोरोफिल स्कूल ने वहन किया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए पर्यावरण संयोजक अजय अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में ऑक्सीजनदायी पीपल लगाना हमारी प्राथमिकता है।




## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा में न्यू पंचवटी फैमिली ढाबा का हुआ उद्घाटन



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के ठनठनी घाटी में गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जानकारी देते हुए ढाबा के संचालक मिलन दास ने बताया कि न्यू पंचवटी फैमिली ढाबा का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हाथों सम्पन्न हुआ।इस दौरान क्षेत्र के सभी गणमान्य सहित आम जनता भी उदघाटन समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया।संस्थान से ग्राहकों को सम्मान पूर्वक सेवा देने का काम करूंगा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, पार्षद प्रदीप बेसरा,सुभाष कर्मकार,संचालक मिलन दास,विजय पंडित,भीम मंडल,ग्राम प्रधान बृंदावन दास,मृत्युंजय महतो, शंभु दास,मुखिया कानूराम बेसरा,खादिम अंसारी,देवनाथ दास,होंडा शोरूम संचालक ईशान चंद्र गोप,वीरेंद्र सिंह,बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, सहीत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारिश से दो मकान की दीवार गिरी, मुआवजे की मांग तेज



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर स्थित कुम्हार पाड़ा में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो कच्चे मकानों की दीवारें अचानक ढह गईं। हादसे में किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन घरों में रह रहे परिवारों को हल्की चोटें आईं और उनका काफी सामान नष्ट हो गया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। घटना की जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण राजेश तामान और भगत दास के कच्चे मकानों की दीवारें भरभराकर गिर गईं। घटना के समय घर के सदस्य अंदर ही मौजूद थे, लेकिन समय रहते बाहर निकल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, दीवार गिरने से घर के कई जरूरी सामान मलबे में दब गए और खराब हो गए। दोनों परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और अब उनके पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची है। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की अपील की है। उनका कहना है कि लगातार हो रही बारिश से उनके घर पहले ही कमजोर हो गए थे, लेकिन किसी तरह गुजर-बसर कर रहे थे। अब पूरी तरह से बेघर हो जाने के बाद वे बेहद मुश्किल स्थिति में पहुंच गए हैं और तत्काल सहायता की जरूरत है। स्थानीय समाजसेवी रतन सोनकर ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों ही परिवार बेहद गरीब हैं और इन्हें प्रशासन की ओर से अविलंब मुआवजा मिलना चाहिए। साथ ही इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान भी स्वीकृत किया जाना चाहिए। फिलहाल दोनों परिवारों को पड़ोसियों ने अस्थायी रूप से शरण दी है।

### छात्र का शव थीम पार्क से बरामद, हत्या की आशंका

**पूर्वी सिंहभूम :** टेल्को थाना क्षेत्र स्थित थीम पार्क में गुरुवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्र का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान बारीगोड़ा देवभूमि टोला निवासी रिनेश कुमार श्रीवास्तव के पुत्र कुणाल कुमार के रूप में हुई है। वह एबीएमपी हाई स्कूल, रहड़गोड़ में कक्षा 10वीं का छात्र था। परिजनों के अनुसार, कुणाल 26 अगस्त की सुबह रोजाना की तरह मॉर्निंग एक्सरसाइज के लिए वीएम पार्क गया था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पूरे दिन और रात भर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह टेल्को थीम पार्क स्थित तालाब में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे। शव की शिनाख्त परिजनों ने कपड़ों और गले पर मौजूद तिल के निशान से की। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए मामले की गहराई से जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

## कुकडू गणेश मेला में भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालुओं का हुजूम



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू हाट मैदान में गुरुवार को गणेश पूजा मेला में भजन संध्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। भजन संध्या में दिनेश हाजरा मोनु ठाकुर प्रिया, श्रेया एवं उदिता के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन गाकर लोकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक सप्ताह तक चलने वाला गणेश मेला में मीना बाजार, झुला और बच्चों के मनोरंजन का भी व्यवस्था किया गया है। सुरक्षा को लेकर कुकडू सोलो आना कमेटी द्वारा 60 कि संख्या में स्वयं सेवी को लगाया गया है। वहीं तिरूलडीह पुलिस भी सुरक्षा को लेकर काफी सक्रिय देखें गए। रात ओर दिन को भी मेला में दो पहिया व चार पहिया वाहनों को सुरक्षित रखने का व्यवस्था किया गया है, ताकि पार्किंग जहां तहां नहीं हो और यातायात बाधित नहीं हो। मेला कमेटी द्वारा बताया गया कि ,29 अगस्त को डांस प्रतियोगिता ,30 अगस्त को हेमलता दास की संगीतमय संध्या , 01 सितम्बर को जमशेदपुर का त्रिलोचन डांस एंड ग्रुप का बुगी बुगी डांस , 03 सितम्बर को कुंदन कुमार नाइट का आयोजन आयोजन किया गया है। कुंदन नाइट के लिए भीड़ नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था किया गया है।

## टोटो-टेंपो चालकों ने बजरंगी महथा को चुना संघ का नया अध्यक्ष

**देवघर :** देवघर शहर के टोटो व टेंपो चालकों ने बजरंगी महथा को संघ का नया अध्यक्ष चुना है। इसके साथ ही उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि चालकों की समस्याओं पर उनका तनिक भी ध्यान नहीं था। टोटो-टेंपो चालक पुलिस की तानाशाही से परेशान हैं। निवर्तमान अध्यक्ष से इसकी कई बार शिकायत की गई। लेकिन वे समस्या का समाधान कराने में विफल रहे। इधर, नए अध्यक्ष बजरंगी महथा ने कहा कि वह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसडीओ से मिलकर टोटो व टेंपो चालकों की समस्याओं का समाधान कराएंगे। ज्ञात हो कि शहर में प्रतिदिन हजारों टोटो व टेंपो चलते हैं। इससे शहर में जाम की समस्या भी उत्पन्न होती है। जाम को देखते हुए टोटो-टेंपो चालकों पर ट्रैफिक पुलिस का डंडा भी खूब चलता है।

# भाकपा माले के वरिष्ठ नेता रामा सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के बालेडीह गांव निवासी भाकपा माले के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता रामा सिंह के निधन पर गुरुवार को बिरहोर कॉलोनी, अमनारी में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे। सभा में बगोदर, बिरनी, राजधनवार, जमुआ, डुमरी, तीसरी सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकता और समर्थक शामिल हुए। सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामा सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके समाजसेवा और संघर्षों से भरे जीवन को याद किया। लोगों ने बताया कि 80 के दशक में जब गांवों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी, तब रामा सिंह ने अपने साथी विक्रम सिंह के साथ मिलकर मिट्टी का घर बनाकर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की। इस कारण उन्हें इलाके में 'मास्टर साहब' के नाम से जाना जाता था। वर्ष 1988 में उन्होंने भाकपा माले से जुड़कर सामाजिक और राजनीतिक जीवन में कदम रखा और माओवादियों के खिलाफ संघर्ष कर लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत किया। बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि रामा सिंह समाज के लिए एक आईना थे, जो हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहते थे। उनकी ईमानदारी, सादगी और निडरता ने उन्हें जनता के बीच विशेष पहचान दिलाई। वहीं, पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि रामा सिंह कामरेड महेंद्र सिंह के विचारों से प्रेरित होकर सरिया पश्चिमी जोन में लाल झंडे को मजबूती से थामे रहे और कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जन समर्थन का प्रतीक था। सभा को संदीप जयसवाल, परमेश्वर महतो, महेंद्र मंडल, सीताराम सिंह, पूरन महतो, विजय सिंह, शेखर सुमन सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।




## राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में कोडरमा के 12 खिलाड़ी एवं 3 प्रशिक्षक एवं मैनेजर शामिल




**झुमरी तिलैया :** छठी झारखंड राज्य योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन झारखण्ड योगासन स्पोर्ट संघ एवं बोकारो जिला योगासन स्पोर्ट संघ द्वारा दिनांक 29 से 31 अगस्त तक बोकारो के दिल्ली पब्लिक स्कूल मे आयोजित की जा रही है जिसमे कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के 12 खिलाड़ी, 2 कोच एवं 1 मैनेजर सहित 15 सदस्य टीम भाग ले रही है इस प्रतियोगिता मे कोडरमा जिला की और से 10 से 14 वर्ष बालक वर्ग दीक्षित राज मेरिडियन अकैडमी, कुशले राज सेक्रेड हार्ट स्कूल, दिवाकर कुमार ग्रिजली विद्यालय, शिवम कुमार आकाश योग केन्द्र, नमन जैन ग्रिजली पब्लिक स्कूल, कौशिक कुमार आकाश योग केंद्र, लव कुमार शर्मा ग्रिजली विद्यालय, ओम कुमार शर्मा ग्रिजली विद्यालय, बालिका वर्ग मे पीहू कुमारी ग्रिजली विद्यालय, अदिति कुमारी बीआर इंटरनेशनल स्कूल, अनुश्री सेक्रेड हार्ट स्कूल, 14 से 18 बालिका वर्ग मे पलक कुमारी आकाश योग केंद्र के बच्चे भाग लेगे एवं टीम के बालक वर्ग के प्रशिक्षक के रूप में योग शिक्षक उमेश कुमार विश्वकर्मा एवं महिला वर्ग की योग प्रशिक्षिका ईशा कुमारी होगी टीम के कप्तान एवं मैनेजर कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के अध्यक्ष आकाश कुमार सेठ टीम का नेतृत्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। सभी खिलाड़ियों को सेक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद कुमार, एवं प्राचार्य प्रमोद शर्मा, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर, ओमप्रकाश राय, एवं प्रशासक सुनील कुमार,ग्रिजली विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश सेठ एवं मनीष कपसीमे, सीईओ प्रकाश गुप्ता, मेरिडियन अकादमी के डायरेक्टर डॉ श्री निवास कुमार , पल्लवी कुमारी, स्वीटी कुमारी, शिवानी कुमारी, राखी कुमारी एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

# श्रम कानून उल्लंघन पर भी सरकार का टालमटोल रवैया : पूर्णिमा साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार को राज्य के श्रमिकों के हित से कोई मतलब नहीं दिखता है। निजी कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों के हितों के मामले में सरकार का जवाब बहुत ही टालमटोल वाला और श्रमिक विरोधी है। विधानसभा में दिए अपने उत्तर में सरकार ने कहा है कि उन्हें निजी कंपनियों में स्थाई प्रकृति की नौकरी को ठेका प्रथा के माध्यम से कराए जाने और श्रमिकों के शोषण का मामला प्राप्त नहीं हुआ है। यह बहुत ही हास्यास्पद और गैरजिम्मेदाराना जवाब है। जमशेदपुर में बड़ी संख्या में लोगों की शिकायत पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार से पूछा था कि क्या टिमकेन, टाटा रायसन, टाटा ब्लूस्कोप, टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड, आदि कंपनियों में स्थायी प्रकृति की नौकरियों को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से करवाया जा रहा है। इस पर सरकार ने ऐसी सूचना प्राप्त होने से इनकार किया है। जबकि सरकार ने माना है कि वर्ष 2006 में ठेका मजदूर परामर्शदात्री समिति ने राज्य के विभिन्न कल-कारखानों की जाँच के क्रम में उनमें से कुछ प्रतिष्ठानों में श्रम कानूनों का उल्लंघन पाया था। दूसरी और किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने से इनकार कर रही है। जमशेदपुर में कई कंपनियां हैं, जहां आज भी 10-12 साल से ठेका कंपनियों के माध्यम से कार्यरत लोगों को स्थाई नहीं किया जा रहा है। क्या इसे श्रम कानून का उल्लंघन नहीं मानती है सरकार जब सरकार से यह पूछा गया कि क्या सरकार श्रमिक मजदूरों को प्राकृतिक न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कार्रवाई करना चाहती है तो इसके जवाब में सरकार ने कहा कि उसकी जांच में निजी कंपनियों में स्थाई प्रकृति के कार्य कराए जाने एवं उनके शोषण से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। क्या सरकार श्रमिकों का हित नहीं चाहती है या फिर सरकार



## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में चाईबासा कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी मानसुर अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। अभियुक्त मानसुर अंसारी के खिलाफ 14 अक्टूबर 2020 को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मानसुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने मामले से जुड़े सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना पल्लवी डे ने नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित विशेष सांस्कृतिक संध्या में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना पल्लवी डे ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, संकाय सदस्य, बड़ी संख्या में विद्यार्थी और कलाप्रेमी शामिल हुए। पल्लवी डे की नृत्य यात्रा कम उम्र से ही कथक के प्रति समर्पित पल्लवी डे ने कोलकाता में श्रीमती कानन सेन से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में नई दिल्ली के कलाश्रम में पंडित बिरजू महाराज से विशिष्ट प्रशिक्षण लिया। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन में भी प्रदर्शन किया है। पंडित बिरजू महाराज की कोरियोग्राफी पर आधारित हिंदी फिल्मों गदर और देवदास में भी उन्होंने अभिनय किया है। मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति लखनऊ घराने की शैली की अद्वितीय पकड़ के लिए जानी जाने वाली पल्लवी डे ने पारंपरिक कथक रचनाएँ, भावपूर्ण अभिनय और लयबद्ध पदचाप प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गहराई और गरिमा का अनुभव कराया। संवादात्मक सत्र प्रस्तुति के बाद पल्लवी डे ने छात्रों से बातचीत की और कथक के इतिहास, शास्त्रीय प्रशिक्षण की विधा और अपनी व्यक्तिगत यात्रा को साझा किया। विश्वविद्यालय की प्रतिक्रिया प्रोफेसर नाज़िम खान, डीन एडमिनिस्ट्रेशन, ने कहा– इतनी प्रतिष्ठित कलाकार का हमारे परिसर में स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। उनके प्रदर्शन ने न केवल भारतीय संस्कृति की समृद्धि का जश्न मनाया, बल्कि हमारे छात्रों को शास्त्रीय कला रूपों के प्रति प्रेरित भी किया। आयोजन का उद्देश्य यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति और स्पिक मैके के सहयोग से आयोजित किया गया। गौरतलब है कि स्पिक मैके की स्थापना 1977 में डॉ. किरण सेठ ने आईआईटी दिल्ली में की थी। यह संस्था युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोक कला, योग और ध्यान को बढ़ावा देने वाला वैश्विक युवा आंदोलन है जिसकी शाखाएँ 8000 से अधिक शहरों में सक्रिय हैं।





## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–51/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.09.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.09.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.09.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Pradhan Sachiv Chamber (Room No.-127) at Engineering Hostel Campus No.-2, Dhurwa Golchakkar, Ranchi (Jharkhand) | 19,47,700.00 | 5000.00 | 39000.00 | 3 Months |
| 2 | E/R to Room No.-319 (Engineer in Chief Chamber, Building Construction Department) at 3rd Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,56,500.00 | 750.00 | 7500.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-2295 (F. Fl.) in Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,55,000.00 | 750.00 | 7500.00 | 1 Month |
| 4 | Renovation of B Type Qtr. No.-241 (S. F) at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,90,200.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of "AN" Type Qtr. No.-223 (First Floor) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,99,500.00 | 750.00 | 6000.00 | 1 Month |

नोट :– निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.360590 Building(25-26):D

# लखनऊ में आयेगा राजनाथ के बाद बेटे नीरज का दौर!

उत्तर प्रदेश की राजधानी, हमेशा से भारतीय राजनीति का केंद्र रहा है। यह लोकसभा सीट उतनी ही प्रतीकात्मक है जितनी अहम। 'अटल बिहारी वाजपेयी' जैसे दिग्गज नेता ने यहां से भारतीय राजनीति को नई दिशा दी थी। अटल जी से पूर्व 1952 में विजय लक्ष्मी पंडित,1971 शीला कौल,1977 हेमवती नंदन बहुगुणा,1989 मंधाता सिंह जैसी दिग्गज हस्तियां लखनऊ से चुनाव जीत चुकी थीं। 1991 से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। यहाँ के सबसे प्रसिद्ध सांसद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीट से आठ बार चुनाव लड़ा। पहली बार उन्होंने 1955 का उपचुनाव लड़ा और तीसरे स्थान पर रहे। फिर 1957 और 1962 में वे दूसरे स्थान पर रहे। इन तीन हार के बाद, उन्होंने लगातार पाँच बार, 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में, यह सीट जीती। इसके बाद अटल जी ने राजनीति से सन्यास ले लिया और 2009 में उनकी जगह अटल जी के ही करीबी और लखनऊ निवासी लाल जी टंडन ने यह सीट जीती। फिर 2014 में राजनाथ सिंह की बारी आई। रक्षा मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह जो 2009 में गाजियाबाद से सांसद थे ने, 2014 के आम चुनाव से इस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। 20214,2019 और 2024 यानी तीन बार से राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गये। अब चर्चा इस बात की हो रही है कि 2029 के बाद राजनाथ सिंह सक्रिय चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे और उनकी जगह उनके बेटे नीरज सिंह लखनऊ से मैदान में उतरेंगे। मगर सवाल यह है कि नीरज सिंह क्या बीजेपी के अन्य सांसदों के कद के नेता हैं। बात सांसद राजनाथ सिंह की कि जाये तो राजनाथ सिंह की छवि भारतीय राजनीति में एक अनुशासित, विचारधारा-आधारित और संगठनप्रिय नेता के रूप में हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष और अब देश के रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। लखनऊ में उनका व्यक्तित्व अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। भाजपा कार्यकताओं और लखनऊ की जनता के बीच उनकी छवि साफ-सुथरे और सरल स्वभाव वाले नेता की है। यही कारण है कि उन्हें यहां से लगातार जीत मिलती रही है, लेकिन राजनीति में उम्र और समय दोनों अहम हैं। राजनाथ सिंह अब सत्तर पार कर चुके हैं और ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि 2029 के बाद वे सक्रिय राजनीति से दूरी बना सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, वे धीरे-धीरे संगठन और परिवार को ज्यादा समय देना चाहते हैं। इन दिनों भाजपा के भीतर और लखनऊ की गलियों में सबसे ज्यादा चर्चा राजनाथ सिंह के बेटे 'नीरज सिंह' की है। नीरज राजनीतिक मंच पर बहुत मुखर नहीं रहे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से वे 'लखनऊ में सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।' विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और स्थानीय मुद्दों को उठाने की कोशिश ने यह संकेत दिया है कि वे भविष्य की राजनीति के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। लखनऊ की जनता उनके कार्यक्रमों और सक्रियता पर गौर कर रही है। जिन वर्गों से राजनाथ सिंह का सीधा जुड़ाव था, उनसे नीरज भी संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह माना जा रहा है कि उनकी बढ़ती सक्रियता कहीं न कहीं लखनऊ सीट के भविष्य की तैयारी है। भाजपा में परिवारवाद को लेकर अक्सर सख्त विचारधारा की चर्चा होती है। लेकिन व्यावहारिक स्थिति यह है कि अगर पार्टी आलाकमान को लगता है कि कोई चेहरा जनता के बीच स्वीकार्य है और संगठन के लिए उपयोगी हो सकता है, तो उसे आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। यही कारण है कि नीरज सिंह का नाम बार-बार सुर्खियों में आता है। राजनाथ सिंह की सबसे खास बात यह थी कि वह भले ही बीजेपी के नेता थे,लेकिन उनकी लखनऊ के मुस्लिमों के बीच भी अच्छी विश्वसनीयता थी। बहरहाल, लखनऊ जैसी प्रतिष्ठित सीट पर भाजपा आलाकमान का निर्णय हमेशा बहुत सोच-समझकर लिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार तय करने में केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय समीकरण भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। ऐसे में यह मानने की पूरी संभावना है कि 2029 के बाद अगर राजनाथ सिंह चुनाव मैदान से बाहर होते हैं, तो पार्टी के लिए नीरज एक स्वाभाविक विकल्प के तौर पर देखे जाएं।

## सूडोकु नवताल- 7536

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7535 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# आततायी शक्तियों के विनाश के लिए वीर गणपति बने अष्टविनायक

डॉ. आनंद सिंह राणा

अनादि काल से भगवान श्रीगणेश की पूजा बुद्धि,ज्ञान और सौभाग्य के देवता के रुप में विभिन्न स्वरुपों में सनातन में होती आ रही है, परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदुओं को,देश काल परिस्थितियों को देखते हुए वर्तमान और भावी पीढ़ी का परिचय केवल मोदक वाले, सूंड वाले, बड़े उदर वाले,नटखट बाल गणेश से ही नहीं कराना चाहिए,अपितु वीर गणपति से भी कराना चाहिए, ताकि वे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें।साथ ही मिशनरियों,वामपंथियों और तथाकथित सेक्युलरों द्वारा श्रीगणेश के स्वरुप और लीलाओं को लेकर बनाई गई नौटंकियों का पटाक्षेप हो सके। इसलिए मोदक वाले सौम्य गणपति जी के साथ रौद्र वीर गणपति से भी परिचय कराना होगा, ताकि आने वाले समय के संकटों का सामना कर अपने हिन्दुत्व की रक्षा कर सकें।

भगवान गणेश एक महा योद्धा हैं। गणेश जी के योद्धा रूप को वीर गणपति कहा जाता है। वस्तुतः यह स्वरुप सोलह भुजाओं वाला होता है। ये अपने हाथों में क्रमशः बैताल, भाला, धनुष, चक्रायुध, खड़ग, ढाल, हथौड़ा, गदा, पाश, अंकुश, नाग, शूल, कुन्द, कुल्हाड़ी, बाण और ध्वजा धारण करते हैं। इनकी छवि क्रोधमय तथा विकराल है। शत्रुनाश एवं आत्म संरक्षण के उद्देश्य से की गई आराधना अविलम्ब लाभ पहुंचाती है। वीर गणपति की पूजा करने से अदम्य साहस का संचार और शक्ति प्राप्त होती है, साथ ही हार न मानने की प्रेरणा मिलती है।

भगवान श्रीगणेश ने भी समय-समय पर धर्म की रक्षा के लिए 8 अवतार लिए थे। ये आठ अवतार ही अष्टविनायक कहलाते हैं।

एकदंत अवतार-एक बार महर्षि च्यवन अपने तपोबल के माध्यम से मद की रचना की थी, और वह महर्षि का पुत्र भी कहलाया। मद ने दैत्य गुरु शुक्राचार्य से दीक्षा लेकर देवताओं पर अत्याचार करने लगा तब सभी देवताओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र का आह्वान किया, फिर भगवान ने एकदंत के स्वरुप में अवतार लिया। एकदंत भगवान ने मदासुर को युद्ध में पराजित कर दिया और देवताओं को अभय का वरदान दिया।

वक्रतुंड अवतार-भगवान गणेश ने वक्रतुंड अवतार मत्सरासुर नामक राक्षस का वध करने के लिए लिया था। मत्सरासुर भगवान शिव का भक्त और उसने भगवान शिव से वरदान पा लिया था कि वह किसी भी योनि के प्राणी से नहीं हारेगा। मत्सरासुर के दो पुत्र क्रमशः सुन्दरप्रिय और विषयप्रिय भी थे और दोनों ही अत्याचारी थे। वरदान पाने के बाद मत्सरासुर ने शुक्राचार्य की आज्ञा से देवताओं को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।तब भगवान गणेश ने वक्रतुंड अवतार लेकर मत्सरासुर को पराजित किया और उसके दोनों पुत्रों का संहार किया।

महोदर अवतार-दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने मोहासुर नामक एक राक्षस को अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा-दीक्षा देकर देवताओं के विरुद्ध लड़ने के लिए तैयार किया । मोहासुर के अत्याचारों से परेशान देवी-देवताओं ने मिलकर भगवान गणेश का आह्वान किया।तब गणेशजी ने महोदर अवतार लिया, महोदर अर्थात बड़े पेट वाला। महोदर अपने मूषक पर सवार होकर मोहासुर से युद्ध करने पहुंचे तभी मोहासुर ने भयाक्रांत होकर बिना युद्ध किए महोदर अवतार को अपना इष्ट बना लिया।

गजानन अवतार-भगवान कुबेर के लोभ से लोभासुर का जन्म हुआ था। लोभासुर दैत्य गुरु शुक्राचार्य की शरण में गया और वहां से शिक्षा ली। शुक्राचार्य के कहने पर लोभासुर ने भगवान शिव से वरदान पाने के लिए कठोर साधना की। साधना से प्रसन्न होकर लोभासुर को निर्भय होने का वरदान दे दिया। वरदान पाकर लोभासुर ने सभी लोकों पर अधिकार कर लिया,तब सभी ने गणेशजी की प्रार्थना की और भगवान गणेश ने गजानन के रुप में अवतार लिया इसके बाद शुक्राचार्य की सलाह पर लोभासुर ने बिना युद्द किए पराजय स्वीकार कर ली।

विकट अवतार-जलंधर का एक पुत्र हुआ कामासुर। कामासुर ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर महादेव ने त्रिलोक विजय का वरदान दे दिया था। वरदान पाकर कामासुर ने देवताओं पर अत्याचार करना प्रारम्भ कर दिया।असुर से परेशान होकर सभी देवताओं ने भगवान गणेश का ध्यान किया और असुर से मुक्ति की प्रार्थना की।तब भगवान गणेश ने विकट अवतार लिया इस अवतार में भगवान गणेश मोर पर विराजित होकर आए और कामासुर को पराजित कर दिया।

लंबोदर अवतार-एक बार क्रोधासुर नामक राक्षस ने सूर्यदेव की तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने क्रोधासुर को ब्रह्मांड पर विजय पाने का आशीर्वाद दे दिया। इसके बाद सभी देवी-देवता क्रोधासुर से भयभीत हो गए और भगवान गणेश का आह्वान किया। देवताओं की प्रार्थना को सुनकर भगवान गणेश ने लंबोदर का अवतार लिया। भगवान लंबोदर ने क्रोधासुर को रोक लिया और समझाया कि ब्रह्मांड पर कभी भी विजय प्राप्त नहीं कर सकते और ना ही अजेय योद्धा हो सकते। क्रोधासुर ने फिर अपना अभियान रोक दिया और हमेशा के लिए पाताल लोक में चला गया।

धूम्रवर्ण अवतार-एक बार ब्रह्माजी ने सूर्य भगवान को कर्म राज्य का स्वामी बना दिया, इससे उनके अंदर घमंड आ गया।राज्य करते हुए सूर्य भगवान को छींक आ गई, जिससे एक दैत्य की उत्पत्ति हुई, छींक से उत्पन्न हुए दैत्य का नाम अहंता पड़ा। अहंता दैत्य गुरु शुक्राचार्य के पास चला गया और वह अहंतासुर बन गया।इसके बाद उसने स्वयं का राज्य भी बना लिया और भगवान गणेश की पूजा करके वरदान भी प्राप्त कर लिया।

वरदान पाकर अहंतासुर देवताओं पर अत्याचार करने लगा, तब सभी ने भगवान गणेश को आह्वान किया. देवताओं के आह्वान पर भगवान गणेश ने धूर्मवर्ण का अवतार लिया. धूर्मवर्ण का रंग धुएं जैसा था और वे बहुत विकराल थे, उनके एक हाथ में भीषण पाश थे, जिसमें से भयंकर ज्वालाएं निकल रही थीं, धूर्मवर्ण ने अहंतासुर का अंत किया और देवताओं को राहत दी।

विघ्नराज अवतार-एक बार माता पार्वती अपनी सखियों के साथ कैलाश पर्वत पर विचरण रहीं थी, तभी बातचीत में हंसी आ गई,उनकी हंसी से एक विशाल पुरुष की उत्पत्ति हुई और उन्होंने उसका नाम 'मम' रख दिया। मम वन में तप करने चला गया, जहां उसकी मुलाकात शंबासुर से हुई, शंबासुर ने मम को कई आसुरी शक्तियां दीं।इसके बाद मम ने गणेशजी को प्रसन्न करके ब्रह्मांड का राज मांग लिया।जब इसके बारे में शुक्राचार्य को जानकारी मिली तब उन्होंने मम को दैत्यराज का पद दे दिया।

पद मिलने के बाद मम ने देवताओं को पकड़कर कारागार में डाल दिया।तब देवताओं ने भगवान गणेश का आह्वान किया और उनको अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। भगवान गणेश ने विघ्नराज अवतार का अवतार लिया और फिर ममासुर का मान मर्दन करते हुए देवताओं को बंदी गृह से छुड़वाया। भगवान वीर गणपति के अष्टविनायक स्वरुप अद्भुत एवं अद्वितीय हैं और उनकी इन स्वरूपों में विलक्षण रणनीति हिन्दुओं के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शत्रुओं के शमन के लिए अत्यंत मार्गदर्शी है। वीर गणपति के अष्टविनायक स्वरूपों से यही ब्रम्ह ज्ञान मिलता है कि आसुरी प्रवृतियों के विनाश के लिए यथायोग्य युक्ति का प्रयोग कर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

**(लेखक प्राध्यापक और इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष हैं।)**

# जिहाद की ज्वाला, मिशन की चाल : संघ का संकल्प, भारत की ढाल

प्रणय विक्रम सिंह

भारत की आत्मा सहिष्णुता और समन्वय पर आधारित रही है। 'एकम् सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' का उद्घोष ही इसका प्राण रहा। किंतु मध्यकाल में इस्लामी आक्रांताओं के साथ एक अमानवीय जिहाद नामक एक नई मानसिकता उतरी। जिसने तलवार और दमन से मंदिर ढहाए, विश्वविद्यालय जलाए और असंख्य जबरन धर्मांतरण कराए। अल-बरूनी से लेकर इब्नेबतूता तक विदेशी यात्रियों ने प्रमाणित किया कि यह आक्रमण केवल सत्ता की लालसा नहीं, बल्कि संस्कृति मिटाने का संकल्प था।

औपनिवेशिक काल में यही चुनौती एक नए रूप में लौटी। पुर्तगालियों का गोवा इन्क्विज़िशन हो या ब्रिटिश संरक्षण में पनपे मिशनरी विद्यालय, उद्देश्य वही रहा, भारत को उसकी जड़ों से काटना। विलियम कैरी और एलेक्जेंडर डफ ने शिक्षा और सेवा का आवरण ओढ़ कर भारतीय परंपरा को 'अंधविश्वास' और 'बर्बरता' कहकर बदनाम किया। यहां तक कि इतिहासकार स्टीफन नेफ ने भी स्वीकारा कि मिशनरियों का घोषित परोपकार अंततः धर्मांतरण का औजार ही था।

दरअसल, जिहाद और मिशन सतह पर भिन्न थे पर ध्येय समान था। एक ने मंदिर तोड़े, दूसरे ने उन्हें अंधविश्वास कहा। एक ने रक्त बहाया, दूसरे ने आत्मा चुराई। एक ने शारीरिक गुलामी थोपी, दूसरे ने मानसिक दासता। भारतीय चिंतकों ने इस दोहरी चुनौती को भली-भांति पहचाना। स्वामी विवेकानंद ने चेताया कि 'विदेशी धर्म हमें हमारी आत्मा से काट देंगे।' महात्मा गांधी ने कहा कि 'मिशनरियों की सेवा आत्मा की चोरी है।' राजगोपालाचारी ने धर्मांतरण को 'राजनीतिक प्रश्न और सामाजिक एकता के लिए खतरा' बताया।

## संख्या का संहार : अस्मिता पर आघात

यह संकट केवल अतीत की कहानी नहीं, वर्तमान का भी यथार्थ है। वर्ष 1951 में मुसलमानों की संख्या थी 9.8 प्रतिशत, जो आज बढ़कर 14.2 प्रतिशत हो चुकी है। असम, बंगाल और बिहार की सीमावर्ती जिलों में हिंदू अब अल्पसंख्यक हो गए हैं। ईसाई समुदाय भी अप्राकृतिक रूप से बढ़ा। 1951 में इनकी कुल संख्या थी 80 लाख (2.3%), 2011 तक यह 2.78 करोड़ (2.8%) पहुंच गई। उत्तर-पूर्व इसका तीखा प्रमाण है, नागालैंड 90%, मिजोरम 87%, मेघालय 75%, और अरुणाचल में 1971 का 1% अब 30% से ऊपर है। हिंदू, जो कभी 85 फीसदी से अधिक थे, आज घटकर 79.8 प्रतिशत रह गए हैं। मुसलमान और ईसाई मिलकर अब 20 करोड़ से भी अधिक हैं, यानी स्वतंत्र भारत (1951) की आधी जनसंख्या से भी बड़ा समूह!

ये आंकड़े मात्र जनगणना नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर अंकित अलार्म हैं। जहां हिंदू घटा, वहां कट्टरपंथ, अलगाववाद और मिशनरी जाल बढ़ा। जहां हिंदू टूटा, वहां भारतीयता लुटी, अस्मिता झुकी और संस्कृति सिकुड़ी। यदि अब भी समाज संगठित न हुआ, तो यह संख्या का समीकरण, संस्कृति के समूल संहार का समीकरण बन जाएगा।

## संघ का समाधान : संगठन और संस्कार

इसी संयुक्त चुनौती के बीच डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने यह गहरी अनुभूति प्राप्त की, कि भारत की रक्षा का उपाय केवल तलवार या सत्ता में नहीं, बल्कि समाज की आत्मिक शक्ति, अनुशासन और संगठन क्षमता में निहित है। उन्होंने देखा कि विदेशी आक्रांताओं ने भारतीयता को पराजित करने के लिए समाज की जड़ों पर प्रहार किया, अतः उत्तर भी जड़ों से ही निकलना चाहिए। वे समझ गए थे कि जब तक भारतीय समाज आत्महीन और विखंडित रहेगा, तब तक वह विदेशी विचारधाराओं के सामने टिक नहीं पाएगा। इसलिए 1925 की विजयादशमी को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। यह कोई सामान्य संगठन नहीं था, बल्कि एक सांस्कृतिक संकल्प, आत्मा-जागरण का यज्ञ और राष्ट्र की चेतना का नवोत्थान था।

संघ का सबसे बड़ा प्रत्युत्तर उसकी शाखा बनी। खुले मैदान में लगने वाली यह साधारण-सी सभा वस्तुतः एक जीवंत प्रयोगशाला थी। वहां खेलों से शरीर सबल होता, व्यायाम से मन अनुशासित होता और प्रार्थना से आत्मा संस्कारित होती। ₹नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे₹ केवल गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति जीवन-समर्पण का उद्घोष था। डॉ. हेडगेवार कहा करते थे कि ₹मुठ्ठीभर संगठित लोग भी पूरे समाज में चेतना का संचार कर सकते हैं।₹ यही विश्वास आगे चलकर सत्य सिद्ध हुआ। शाखाओं से निकले स्वयंसेवक ग्राम-ग्राम और नगर-नगर में समाज को संगठित करने लगे।

जहां मिशनरियों ने सेवा और शिक्षा को धर्मांतरण का साधन बनाया, वहीं संघ ने इन्हीं माध्यमों को भारतीय आत्मा से जोड़ा। वनवासी कल्याण आश्रम इसका सजीव उदाहरण है। इस संगठन ने आदिवासी समाज को उसकी संस्कृति से काटने के बजाय उसके गौरव की रक्षा की। वहां सेवा का अर्थ किसी को धर्म बदलवाना नहीं, बल्कि उसकी आत्मा और स्वाभिमान को सुदृढ़ करना था। आज सेवा भारती, विवेकानंद केंद्र और एकल विद्यालय जैसे संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास और आपदा प्रबंधन में सक्रिय हैं। इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं, बिना किसी धर्मांतरण की शर्त के। यही संघ की सेवा और मिशनरी सेवा के बीच का मूलभूत अंतर है।

संघ का सबसे बड़ा योगदान यही रहा कि उसने भारतीय समाज को आत्मगौरव लौटाया। सदियों तक अपमान सहने के बाद जब समाज हीनभावना से ग्रस्त हो चुका था, तब संघ ने यह विश्वास जगाया कि भारत केवल राजनीतिक राष्ट्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्र है। डॉ. हेडगेवार ने स्पष्ट कहा था कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता परिवर्तन की है, हमारी लड़ाई समाज परिवर्तन की है। इसी कारण संघ ने राजनीति की क्षणभंगुरता से दूरी बनाकर संस्कृति और संगठन को केंद्र में रखा।

## आधुनिक संदर्भ और प्रासंगिकता

आज जब दुनिया एक वैश्विक गांव बन चुकी है, तब चुनौतियां भी सीमाओं से आगे बढ़ चुकी हैं। जिहाद अब आतंकवाद, अलगाववाद और ऑनलाइन कट्टरपंथ के रूप में है, जबकि मिशनरी गतिविधियां एनजीओ, विदेशी फंडिंग और डिजिटल परोपकार की आड़ में अधिक संगठित हो चुकी हैं। यह आक्रमण तलवार की चमक जितना प्रत्यक्ष नहीं, किंतु उससे कहीं अधिक गहरा और कपटी है क्योंकि यह सीधे आत्मा और चेतना पर प्रहार करता है।

ऐसे समय में संघ का उत्तर और भी प्रासंगिक है। डॉ. हेडगेवार का वह सूत्र कि 'संगठन और संस्कार' आज भी उतना ही जीवन्त है। एकल विद्यालयों से नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ा जा रहा है, ग्राम विकास योजनाओं से आत्मनिर्भरता की चेतना जगाई जा रही है, स्वदेशी अभियानों से आर्थिक स्वाभिमान सुदृढ़ हो रहा है और सांस्कृतिक नवजागरण कार्यक्रमों से भारत की आत्मा को नए युग के अनुरूप सुसज्जित किया जा रहा है। संघ की दृष्टि यही है कि किसी भी विदेशी विचारधारा का मुकाबला शस्त्रों से नहीं, बल्कि संस्कारों से किया जाए। जब समाज अनुशासित, संगठित और आत्मबल से परिपूर्ण होगा, तब न आतंकवाद उसे डरा सकेगा, न मिशनरी प्रलोभन बहका पाएंगे।

आज की परिस्थितियों में यह स्मरण आवश्यक है कि भारत की शक्ति केवल उसकी राजनीति या सैन्य शक्ति में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति, समाज और आत्मा में है। यदि समाज संगठित रहेगा, आत्मगौरव से सम्पन्न रहेगा और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेता रहेगा, तो जिहाद और मिशन जैसे हर आक्रमण निष्फल सिद्ध होंगे। किंतु यदि समाज आत्महीन, विखंडित और दिशाहीन हुआ, तो कोई भी विदेशी शक्ति भीतर से भारत को दुर्बल कर सकती है। इसीलिए डॉ. हेडगेवार का यह संदेश आज भी गूंजता है कि सच्चा स्वराज तभी संभव है, जब प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्र पहले और स्वयं बाद में हो।

यह संदेश केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र-जीवन का शाश्वत सूत्र है। यही सूत्र भारत को बार-बार आत्मविस्मृति से उबारता रहा है और आगे भी उबारता रहेगा। यही वह मंत्र है जो भारतीय समाज को संगठित कर उसकी आत्मा को अभेद्य कवच प्रदान करता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत-जापान संबंध : निवेश से रणनीति तक नई ऊँचाइयाँ

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं। बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज इक्कीसवीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर चीन के बाजार की आक्रामकता, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो ।ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं।

भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं। भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए। यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था। इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्त्रोत बनकर उभरा है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। यह भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा एफडीआई स्त्रोत है। जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब ¥10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह 2022 में किए गए पाँच साल के लिए ¥5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़ रुपए) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है।

जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियाँ भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं। मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो विश्व के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है। साथ ही एक बाजार के तौर पर यह साफ दिखाई देता है कि जापान को बड़े पैमाने वाले बाजार की जरूरत है और भारत यह अवसर देता है। अमेरिकी टैरिफ से मुनाफा घट रहा है, इसलिए जापानी कंपनियों को अब ऐसे बाजार की तलाश है जहाँ कीमतें कम हों और खपत ज्यादा। भारत इस मामले में सबसे उपयुक्त है यहाँ 1.4 अरब की जनसंख्या है, तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है और 6.4% जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। यही वजह है कि भारत आज भी जापान के लिए सबसे व्यवहारिक निवेश और व्यापार का अवसर बना हुआ है।

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) भारत की अनेक परियोजनाओं में सहायक रही है, दिल्ली मेट्रो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा आदि में इसके काम को देखा जा सकता है, जो दोनों ही देशों के परस्पर के विश्वास को दृढ़ करने का आधार है। यह स्पष्ट है कि जापान, भारत की आर्थिक प्रगति में एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक सहयोगी है। अतः इन सभी आधारों के प्रकाश में कहना होगा कि भारत और जापान एक-दूसरे के लिए अपरिहार्य हैं। भारत के लिए जापान उच्च तकनीक, पूँजी, हरित ऊर्जा समाधान और स्थायी निवेश का स्त्रोत है। जापान के लिए भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला वह देश हे, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो अपने आप में एक विशाल उपभोक्ता बाजार है। दोनों देशों की यह परस्पर निर्भरता इन्हें स्वाभाविक साझेदार बनाती है।

इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम सम्बन्धों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करें तो ध्यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊँचाइयों तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है। इस दौरान संबंध 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' तक उन्नत हुए। अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड मंच सक्रिय हुआ। जापान ने भारतीय स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचारों में भी निवेश बढ़ाया। यह सब दशार्ता है कि मोदी सरकार में दोनों देशों के रिश्तों ने ठोस और दीर्घकालिक दिशा पाई है।

आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की

## दैनिक पंचांग

29 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.05 बजे से |
| चंद्र | तुला में | तुला | 09.16 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.30 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.46 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.51 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.38 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.41 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.21 बजे से |
| | | मिथुन | 00.19 बजे से |
| | | कर्क | 02.33 बजे से |
| | | सिंह | 04.49 बजे से |

राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 241 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** षष्ठी 20.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 11.39 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 14.13 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 07.09 बजे तदनन्तर तैतिल 20.22 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 20'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872451
**जूलियन दिन** 2460916.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# टाटा स्टील ने की इस बार 16.68 प्रतिशत बोनस देने की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील ने इस वर्ष अपने कर्मचारियों को 16.68 प्रतिशत का बोनस देने की घोषणा की है। यह बोनस 6 सितंबर 2025 को सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। कंपनी की ओर से तय की गई कुल बोनस राशि 303.12 करोड़ रुपये है। इस राशि में से जमशेदपुर स्थित ट्यूब्स डिवीजन के 11,446 कर्मचारियों को 152.44 करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। 28 अगस्त 2025 को टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच बोनस को लेकर समझौता हुआ। इस बार बोनस तय करने के लिए एक विशेष फामूर्ला अपनाया गया, जिसके तहत कंपनी के 9255.05 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का 1.5 प्रतिशत यानी 138.83 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए। इसके अतिरिक्त 14.83 टन स्टील के उत्पादन का 1.5 प्रतिशत मूल्य 41.5 करोड़ रुपये के रूप में जोड़ा गया। उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए 87.5 करोड़ रुपये और सुरक्षा के मद में 5 करोड़ रुपये जोड़े गए, जिससे कुल राशि 272.83 करोड़ रुपये बनी। इसके बाद यूनियन के अनुरोध पर प्रबंधन ने अतिरिक्त 30.30 करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया, जिससे अंतिम बोनस राशि बढ़कर 303.12 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि इस बार का बोनस पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा कम है। बीते वर्षों में औसतन 20 प्रतिशत तक बोनस दिया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष कंपनी के मुनाफे में आई गिरावट के कारण राशि में कटौती देखी गई। जहां पिछले साल टाटा स्टील ने 11,275.09 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था, वहीं इस साल यह घटकर 9255 करोड़ रुपये रह गया है। बोनस समझौते के दौरान टाटा स्टील के एमडी सह सीईओ टीवी नरेंद्रन और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नू मौजूद रहे। यूनियन की ओर से बोनस में कटौती पर चिंता जताई गई, जिसके बाद लगातार बातचीत कर पुराने स्तर की राशि सुनिश्चित की गई। समझौते के अनुसार, पुराने वेतनमान के कर्मचारियों को अधिकतम 3,92,213 रुपये, जबकि एस ग्रेड के कर्मचारियों को अधिकतम 1,10,547 रुपये और न्यूनतम 39,004 रुपये का बोनस मिलेगा।

# अवैध कोयला-बालू तस्करी रोकने के लिए डीसी ने बनाई विशेष जांच टीम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना :** रामगढ़ जिला में लगातार हो रहे अवैध कोयला, बालू व पत्थर की तस्करी पर रोक लगाई जाने को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने को लेकर कई बार प्रयास किया गया। इसके बावजूद अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया जा सका। रामगढ़ जिला उपयुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने को लेकर पिछले दिनों विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच दल का गठन होने के बाद जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक द्वारा बरकाकाना क्षेत्र में छापामारी कर बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त कर बरकाकाना ओपी पुलिस को सौंप दिया गया। बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा द्वारा बताया गया कि जिला खनन पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा क्षेत्र में देर रात छापामारी अभियान चलाकर बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। छापामारी के दौरान ट्रैक्टर चालक द्वारा अंधेरे का फायदा लेते हुए ट्रैक्टर छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। ट्रैक्टर चालक द्वारा छापामारी में शामिल अधिकारी व सशस्त्र बल को भी नुकसान पहुंचाने का भी प्रयास किया गया। बालू के कारोबार में शामिल लोगों द्वारा बताया गया कि जिला के अधिकारियों की मिली भगत से रात के अंधेरे में व्यापक पैमाने पर अवैध कोयला पत्थर का तस्करी हाईवा के माध्यम से किया जाता है। इन बड़े कारोबारी पर जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। जबकि क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवकों द्वारा ट्रैक्टर से बालू का कारोबार कर जीविकापार्जन किया जाता है। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टरों को पड़कर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने का खनन पूर्ति कर दिया जाती है। जबकि रात के अंधेरे में सैकड़ो हाईवा अवैध कोयला, पत्थर लाद कर ऊंचे दामों में विभिन्न स्थानों में पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिस पर जिला प्रशासन का हंटर नहीं चलता है। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा छापामारी अभियान चलाए जाने से अवैध कारोबार में संयुक्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बसरिया रामनगर में गणपति बप्पा का भव्य पूजन, ग्रामीणों में उमड़ा उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के बसरिया पंचायत के रामनगर में गणपति पूजा समिति की ओर से आयोजित गणपति पूजन का आयोजन बड़े ही भक्तिमय और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तगणों ने भाग लेकर गणपति बप्पा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। वही पूजा पंडाल का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने किया। पूजा पंडाल में पूरे क्षेत्र का उत्साह देखते ही बन रहा है। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों, भजनों और दीपों के साथ गणपति बप्पा की आराधना की। वही पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले लगातार 4 वर्षों से यहां गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे ग्रामीण क्षेत्र का सहयोग मिलता है। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग व एकजुटता का परिचय देते हुए इसे सफल बनाया। विसर्जन यात्रा के दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं के शामिल होते है।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : धर्मेंद्र तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त कर उन्हें सरकार के नियंत्रण में लाने का प्रयास है, जो किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार्य नहीं है। तिवारी ने कहा कि कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और अन्य शैक्षणिक पदों पर प्रत्यक्ष दखल देने की व्यवस्था विश्वविद्यालयों को राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा बना देगी। तिवारी ने कहा कि पहले से ही जेपीएससी, जेएसएससी और जेएसी जैसी संस्थाओं की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं और अब विश्वविद्यालयों को भी उसी राह पर ले जाया जा रहा है। यह कदम छात्रों के भविष्य और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता दोनों के साथ खिलवाड़ है। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में लूट-खसोट का माहौल तैयार हो रहा है। विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अनियमितताओं की भरमार है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस स्थिति पर माननीय उच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और शिक्षा को बचाने की दिशा में ठोस हस्तक्षेप करे। तिवारी ने राज्यपाल से अपील करते हुए कहा कि इस विधेयक पर तत्काल पुनर्विचार हो और विपक्षी दलों, छात्र संगठनों तथा शिक्षाविदों से विमर्श कर ठोस शिक्षा नीति बनाई जाए।

# रामगढ़ में श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ में श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी नगर किर्तन का रामगढ़ में भव्य स्वागत हुआ। शहीदी नगर कीर्तन जत्था का रामगढ़ सिख समाज ने टोल प्लाजा से अगवाई किया, रास्ते में ओय पंजाबी ढाबा नानक ढाबा और सैनी ढाबा ने आए हुए नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया एवं चाय नाश्ता का प्रबंध किया। इसके बाद शहीदी नगर यात्रा गुरु नानक स्कूल के अंदर गुरु महाराज की गाड़ी पहुंची यहां बाबा जी के द्वारा अरदास कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद शहीदी नगर कीर्तन यात्रा बिजोलिया स्वर्गीय गुरदित सिंह के यहां पहुंची, यहां सरदार भूपेंद्र सिंह जॉली के परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रामगढ़ की सीख साध संगत नगर कीर्तन का रूप लेकर सबद कीर्तन करते हुए सुभाष चौक पहुंची, सुभाष चोक के सामने रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमेटी, गुरु नानक नर्सरी स्कूल रामगढ़ ऑडिटोरियम कमेटी खालसा क्रिकेट क्लब, स्त्री सतसंगत सारागढ़ी गेट सिख रेजीमेंट सेंटर द्वारा तथा समूह साथ संगत के द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। तथा शहीदी नगर कीर्तन यात्रा में आई हुई सभी गाड़ियों में रिलायंस पेट्रोल पंप जॉली परिवार की ओर से पेट्रोल डीजल की सेवा दी गई। तथा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया है। रामगढ़ के नौजवान वीरों ने यात्रा को हजारीबाग तक छोड़ने के लिए गई। यहां से फिर यात्रा हजारीबाग के लिए रवाना हो गई। रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सभी कमेटी एवं सभी साध संगत का धन्यवाद करती है, तथा भुरकुंडा पतरातु गिद्दी कुजू से आए साध संगत का रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धन्यवाद करती है।

# विश्वविद्यालय विधेयक के खिलाफ अभाविप ने निकाली आक्रोश यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने झारखंड सरकार की ओर से पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 का विरोध शुरू किया है। रामगढ़ कॉलेज के समीप गुरुवार को संगठन के लोगों ने विधायक की प्रति जलाकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। अभाविप के सदस्यों ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलपति, प्रति कुलपति, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य प्रमुख पदों पर नियुक्ति के अधिकार को राज्यपाल से हटाकर राज्य सरकार को देने का प्रावधान गलत है। यह विधेयक न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर प्रहार है, बल्कि एक संवैधानिक पद के अधिकारों में सीधा हस्तक्षेप है। जिला संयोजक सुदीप महतो ने कहा अभाविप इस विधेयक के अंतर्गत गठित झारखंड राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग का स्वागत करती है। लेकिन इस विधेयक के अंतर्गत केवल शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी की नियुक्ति एवं प्रमोशन का कार्य होना चाहिए, ना कि कुलपति, प्रति कुलपति की नियुक्ति का अधिकार होना चाहिए । सरकार जैक, जेपीएससी, जेएसएससी जैसी शैक्षणिक एवं नियुक्ति संस्थाओं के संचालन में लगातार विफल रही है। नगर मंत्री यशपाल महतो ने कहा सरकार इस विधेयक के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से कैंपस में होने वाले छात्र संघ चुनाव पर भी प्रहार कर रही है। वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निगलना चाह रही है। विश्वविद्यालय में छात्र संघ के लिए अलग से चुनाव न कराना यह दशार्ता है कि यह सरकार छात्र संघ के माध्यम से उभरने वाले नए राजनीतिक, सामाजिक विमर्श और विद्यार्थी नेतृत्व को कुचलना चाह रही है। मौके पर राकेश कुमार, अमृत कुमार, सुशांत, शिशु , अजय, गोल्डन,सैनी, किशोर, चंदन, मनीष आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज हो : सांसद

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला परिषद सभाकक्ष में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास समन्वय और दिशा की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद,एसपी सादीक अनवर रिजवी सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिले के स्वास्थ्य, सड़क, आपूर्ति, आवास योजना, बिजली आपूर्ति, शिक्षा सहित सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई । साथ ही जिले के अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जो भी सरकार की योजनाएं आम लोगो के लिए आती है उसे धरातल पर उतार कर आमलोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान सांसद सुखदेव भगत ने जिले में चल रहे करीब 32 विभागों के कार्यों को बारी बारी से समीक्षा कर विकास योजनाओं का हाल जाना और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के कार्यों में एफआई आर और शोकॉज करने का निर्देश भी दिया है। दिशा की बैठक के दौरान कई विभागों के अधूरे कार्य और उदासीन रवैये को लेकर सांसद सुखदेव भगत ने अधिकारियों की जमकर फटकार भी लगाई है और कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर करवाई करने का निर्देश भी दिया है। बैठक को लेकर सांसद सुखदेव भगत ने कहा जिले के विकास को लेकर बैठक आयोजित किया गया विकास को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### दिगंबर जैन मंदिर में आरंभ हुए दशलक्षण पर्व

**रामगढ़ :** रामगढ़ में दिगम्बर जैन समाज के दोनों जिनालयों में जैन समाज के महान पर्व दशलक्षण आरंभ हो गया। दशलक्षण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा हुई। बाहर से आए हुए विद्वान निवेश शास्त्री ने उत्तम क्षमा धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रोध का कारण उपस्थित होने पर भी क्रोध न करना क्षमा है। सामर्थ्य रहने पर भी क्रोधात्पादक निंदा, अपमान, गाली गलौज और प्रतिकूल व्यवहार होने पर भी मन में कटुता न आने देना उत्तम क्षमा धर्म है। इसके पूर्व जिनालयों में पार्श्व गायक के भजनों के बीच अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य रामगढ़ जिनालय में अरुणा जैन परिवार, अशोक जैन, अमित काला परिवार ,संजय जैन युग-आयुष सेठी परिवार, हीरालाल जैन परिवार, विद्या प्रकाश पद्म जैन छाबड़ा परिवार एवं जीवन मल जैन, जम्बू पाटनी परिवार तथा रांची रोड जिनालय में पाना देवी सेठी परिवार को प्राप्त हुआ था।

### जंगली हाथियों ने घर पर बोला धावा, मलबे में दबकर मां बेटे की मौत

**खूंटी :** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर गांव में बुधवार की रात लगभग एक बजे जंगली हाथियों ने एक घर पर धावा बोल दिया। घर ध्वस्त होने से उसके मलबे में दबकर मां और उसके बेटे की मौत हो गई। मृतकों में एतवारी बारला ( 28) और पुत्र तुलसी बारला( 4) शामिल हैं। मां बेटे की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झामुमो कार्यकर्ताओं को बकसपुर जाने का निर्देश दिया। झामुमो के पदाधिकारियों ने गांव में पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और वन विभाग को बुलाकर तत्काल मुआवजा राशि दिलाई और गाड़ी कर पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को सदर अस्पताल खूंटी भेजवाया।मौके पर झामुमो नेताओ ने शोक व्यक्त किया और दिगवंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर मुखिया पूनम बारला, राहुल केशरी, विनोद उरांव, छत्री हेमरोम, भोला साहू, बाका लकड़ा,अरुण होरो, वन विभाग के पदाधिकारी, वन समिति, पंचायत सेवक आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के ओडिटोरियम हॉल में श्री गणेश चतुर्थी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना, पूजन , हवन ,आरती एवं विसर्जन विधि विधान के साथ आचार्य मुकेश पाण्डेय के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं सचिव प्रियंका कुमारी पूजन हवन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को विघ्नहर्ता और रिद्धि- सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी पूजन की हार्दिक बधाई दी एवं सुख- समृद्धि की मंगल कामना किए। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। पूजन के दूसरे दिन हवन एवं भंडारा (खिचड़ी)का आयोजन हुआ। उसके बाद विसर्जन में सभी शिक्षकगण, शिक्षकेतर - कर्मचारी,एवं छात्र -छात्राएं गाजे- बाजे के साथ नृत्य करते हुए, गणपति बप्पा मोरया के जयकारा के साथ विसर्जन किया।

### रामगढ़ में 40वें नेत्रदान पखवाड़े की रैली का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिलान्तर्गत नेत्रदान पखवाडा 25 अगस्त 2025 से 08 सितम्बर 2025 तक मनाया जाना है। जिसका उद्देश्य है कि जनमानस में नेत्रदान को अपनाने एवं इसमें परिवार की सहमति के साथ इसे परिवारिक परंपरा के रूप में प्रति स्थापित करने हेतु उत्प्रेरित करना एवं इसके प्रति फैली भ्रांतियों का निवारण कर जागरूकता फैलाना। जिसे सफल बनाने हेतु रामगढ़ में आज दिनांक 28.08.2025 को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ नवल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 40वाँ नेत्रदान पखवाड़ा हेतु रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भी०बि०डी० पदाधिकारी, के साथ अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुएँ।

### चौपारण पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले में एक युवक को किया गिरफ्तार

**चौपारण :** महाराजगंज में सोमवार रात छोटे वाहन से बैटरी चोरी की घटना घटी थी। जिसकी शिकायत गुरुवार को लोकेश कुमार गुप्ता, पिता संजीत कुमार, निवासी चयकला (कसियाडीह), थाना चौपारण, जिला हजारीबाग से टोटो बैटरी चोरी होने की शिकायत मिली थी। जिस पर चौपारण थाना कांड संख्या 234/25, धारा 303(2)/324(4) भादवि दर्ज की गई। इस संबंध में छापेमारी कर चोरी करने वाले तौसीफ रजा उर्फ बाबू, पुत्र तौहीद रजा, ग्राम चयकला, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई एक सफेद रंग की एक्साइड कंपनी की बैटरी और एक सफेद रंग की लिवगार्ड कंपनी की बैटरी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी तौसीफ रजा उर्फ तौसीर रजा उर्फ बाबू को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### अमरौल में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का सीओ ने किया उद्घाटन



**चौपारण :** प्रखंड के अमरौल मैदान में रविवार को बहुप्रतीक्षित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव ने फीता काटकर व गेंद को किक मारकर किया। मौके पर खेल प्रेमियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन समारोह में उमड़ा उत्साह सुबह से ही अमरौल मैदान में चहल-पहल बनी रही। गाँव के छोटे-बड़े बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी उद्घाटन समारोह के गवाह बने। उद्घाटन के समय पूरे मैदान में तालियों और नारों की गूंज सुनाई दी। सीओ संजय यादव ने अपने संबोधन में कहा खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वास्थ्य और भाईचारे का प्रतीक है। फुटबॉल जैसे खेल ग्रामीण युवाओं को एकजुट करने और नशामुक्त समाज की ओर प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। पहली मैच में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन उद्घाटन के बाद टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेला गया। मैदान में उतरे खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। दर्शक दीर्घा में बैठी भीड़ खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए नारे लगा रही थी। हर गोल के प्रयास पर तालियों और सीटियों की गूंज गूँज उठी। खिलाड़ियों ने शानदार पासिंग, गोलकीपिंग और डिफेंस की मिसाल पेश की। पहले ही मैच से टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ गया है और लोग आने वाले मैचों को लेकर और अधिक उत्साहित हैं।

### अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की हुई मौत, एक गम्भीर

**चौपारण :** बृहस्पतिवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों का मौत और एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना चोरदाहा चेकपोस्ट के पास बिहार नम्बर का एक बाइक संख्या बीआर 2 एन 9969 सवार का मौत सड़क दुर्घटना में हो गया। इसके पास आधार कार्ड वगैरह नहीं होने से शव के पहचान में तुरंत नहीं हो सका। चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के प्रयास से मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मृतक युवक का पहचान धीरेंद्र भगत रफीगंज औरंगाबाद बिहार के रूप में हुई। वहीं बरही के पुरहारा मोड़ पर हुए सड़क हादसे में चौपारण प्रखण्ड के अकरहुआ बेला के निर्भय राणा (24 वर्ष ) पिता स्व अजय राणा का मौत हो गया। वहीं रोहित साव पिता कैलाश साव ग्राम बेला गम्भीर रूप से घायल हो गया। दोनों एक ही बाइक में थे। ज्ञात हो कि निर्भय राणा के पिता का निधन एक माह पूर्व ही हुआ था। इस दु:खद घटना से पूरा परिवार उबरा भी नहीं था कि एक और बड़े हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया।

एक नजर

## बरहेट में झामुमो की बैठक, अंतिम जोहार यात्रा की तैयारी तेज



**बरहेट** : झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नाड मरांडी के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी 22 पंचायत के अध्यक्ष सचिव सहित सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान मरांडी ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के समृद्धि में अंतिम जोहार यात्रा आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। वही यह यात्रा सभी पंचायत से गुजरेगी एवं जिला मुख्यालय में इसका समापन होगा। बैठक में बरहेट प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत से रूट मैप का अवलोकन कर जिला समिति को भेजा गया।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, केंद्रीय समिति सदस्य सह झामुमो प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान, जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, पुसा टुडू, अब्दुल मजीद, सुनीराम हांसदा, लखीराम हेंब्रम, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, समदा सोरेन, सामयल मुर्मू, बाबुधन टुडू, अमजेद अंसारी, इस्लाम अंसारी,जिकीर मोमीन, रफीक आलम, लड्डू भगत, देवीलाल तुरी, शाम हेंब्रम, आवाजुद्दीन अंसारी, मरांग हेंब्रम, आरिफ अंसारी, महिला नेत्री सुनीता टुडू, बेला किस्कू, मोनिका मरांडी, कमल मुर्मू, सहित अन्य मौजूद थे।

## जैक बोर्ड के सदस्य ने संध्या कॉलेज में चल रहे संपूरक परीक्षा का लिया जायजा

**साहिबगंज** : संध्या कॉलेज में जैक बोर्ड द्वारा आयोजित संपूरक परीक्षा का जायजा लेने गुरुवार को जैक के सदस्य मो. सिराजुद्दीन पहुचे। इस दौरान उन्होंने समपुरक परीक्षा इंटर का 2025 का जायजा लेते हुए कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा लेने की बात कही है। वही संध्या कॉलेज में पठन पाठन समेत अन्य शैक्षणिक कार्यो का जायजा लेते हुए कई निर्देश दिए है। मौके पर प्रचार्य शंभूनाथ पाठक समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## सोनारी लूटकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, सोने का लॉकेट और बाइक बरामद

**पूर्वी सिंहभूम** : सोनारी थाना क्षेत्र में हुए एक लूटकांड का पुलिस ने तेजी से खुलासा करते हुए मात्र कुछ ही घंटों में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद तुरंत की गई छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को डीएसपी मनोज ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 27 अगस्त की दोपहर में मरीन ड्राइव रोड डोबो ब्रिज स्थित गोलचक्कर के पास एक ट्रक (संख्या बीआर27एजी 7265) के चालक से दो अपराधियों ने सोने का लॉकेट लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सोनारी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। जांच के क्रम में पुलिस ने बजरंग नगर, गोलमुरी निवासी हरदीप सिंह (25) और सर्कस मैदान, गोलमुरी निवासी विक्की सिंह उर्फ लंगर (29) को गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया सोने का लॉकेट और अपराध में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल (नंबर जेएच 05 बीएन 5469) भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

- पंचायतों की कार्यक्षमता में सुधार की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम
- अध्यक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग, झारखंड अमरेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल
- विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में बुधवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल में पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग, झारखंड अमरेन्द्र प्रताप सिंह, उपायुक्त मनीष कुमार, पंचम राज्य वित्त आयोग, झारखंड के सदस्य प्रोफेसर हरीश्चर दयाल, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, उपाध्यक्ष, जिला परिषद अशोक कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत किया गया। उसके बाद माननीय अध्यक्ष, उपायुक्त, माननीय सदस्य व पीरामल फाउंडेशन के पदाधिकारी कृष्ण मोहन पोद्दार को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पंचायत स्तर पर उन्नति और कार्यों में सुधार के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित करना था। पंचम वित्त आयोग के माननीय अध्यक्ष ने बताया कि पंचम राज्य वित्त आयोग का मुख्य काम राज्य की पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना और उनकी कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कदम सुझाना है। आयोग का उद्देश्य इन संस्थाओं को सशक्त और वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा की गई कार्यों की खूब प्रशंसा की। इस दौरान माननीय अध्यक्ष ने जिला प्रशासन तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता को जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। पाकुड़ जिला के उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि पाकुड़ जिला एक आकांक्षी जिला है, और लिट्टीपाड़ा आकांक्षी प्रखंड है। जिले को उत्कृष्ट बनाने के लिए रविन्द्र भवन टाउन हॉल में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि पाकुड़ जिला शिक्षा के क्षेत्र में पहले 22वें स्थान पर था, लेकिन अब राज्य में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अबुआ आवास : राज्य में प्रथम स्थान पर है। मनरेगाः राज्य में प्रथम स्थान पर है। रेवेन्यू कोर्ट : राज्य में प्रथम स्थान पर है। नीलाम पत्र : राज्य में प्रथम स्थान पर है। पाकुड़ जिला विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है और जिला प्रशासन के प्रयासों से जिले की स्थिति में सुधार हो रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को आगामी पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में बेहतर परिणाम लाने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## गंगा कटाव पीड़ितों ने डीसी से लगाई गुहार नए ठिकाने पर पीएम आवास निर्माण की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : पीएम आवास व अबूआ आवास निर्माण को लेकर राजमहल प्रखंड अंतर्गत गदाई महाराजपुर दियारा पंचायत को तालझारी प्रखंड अंतर्गत कल्याणी पंचायत में आवास बनाने हेतु दर्जनों लोग साहिबगंज डीसी हेमंत सती से मिले, अपनी समस्याओं से अवगत कराए। वही डीसी हेमंत सती को एक लिखित पत्र भी सौंपा गया। जिसमें बताया गया की सभी लाभुकगण राजमहल प्रखंड के गदाई महाराजपुर दियारा पंचायत अंतर्गत निवास करते आ रहे थे, परंतु गंगा नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं गंगा कटाव से प्रभावित होकर हम सभी लाभुकों के घर गंगा नदी में समाहित हो चुका है। जिस कारण हम सभी लाभुकगण अब गदाई दियारा क्षेत्र से तालझारी प्रखंड अंतर्गत कल्याणी पंचायत में आवासीय जमीन लेकर झोपड़ी बनाकर परिवार सहित निवास कर रहे हैं। हम सभी चयनित लाभकों को सरकारी आवास जैसे प्रधानमंत्री एवं अबूआ आवास निर्माण करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देश देते हुए तालझारी प्रखंड के कल्याणी पंचायत में हम सभी लाभुकों का आवास निर्माण कराने की कृपा की जाए। मौके पर दर्जनों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएस डॉ. रामदेव पासवान, डीएस डॉ. दिवेश कुमार व डॉ. मुकेश कुमार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने स्वास्थ सेवाओ का हाल जाना। इस संबंध में उन्होनें सीएस डॉ. रामदेव पासवान से बातचीत भी की है। प्रसूता वार्ड का निरीक्षण करते हुए प्रसूति महिलाओं को मिलने वाली सुविधा व उनकी सुरक्षा से संबंधित जानकारी हासिल की है। वही एसएननसीयू का जायजा लेते हुए टीम के सदस्य ने कहा कि अस्पताल में काफी सुविधाओं में इजाफा तो हुआ है। हालांकि इसमे कुछ तकनीकी कमी भी है। उन्होंने




ने एसएनसीयू वार्ड की सुविधाओं को देखते हुए संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि यहां एसएनसीयू वार्ड में सभी सुविधा उपलब्ध है। निजी अस्पतालो में अगर कमजोर बच्चे को भर्ती किया जाए तो हजारों रुपये खर्च पड़ती है। जोकि किसी गरीब परिवार के लिए इसे सहन करना मुश्किल होता है। लेकिन सदर अस्पताल में अब सारी सुविधा है। टीम के सदस्य ने अस्पताल की विधि व्यवस्था व अस्पताल में बढ़ते सुविधा को देख संतुष्ट रही है। टीम की सदस्य ने ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, जनरल वार्ड, सेंट्रल लैब का जायजा लेते हुए कई सुधार के निर्देश दिए है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# किसानों के हित में बोरियो प्रखंड में महत्वपूर्ण बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : गुरुवार को बोरियो प्रखंड अंतर्गत बांझी पंचायत के मंडवा गांव में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा निर्मित तालाब स्थल पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना एवं उनके अभिषरण को सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा किसानों को तालाब के मेढ़ एवं आसपास की भूमि में बागवानी को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विशेषकर केला, पपीता, ओल, स्ट्रॉबेरी एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियों जैसी नगदी फसलों की खेती को अपनाने पर बल दिया गया, ताकि किसान बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकें। साथ ही भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं के तहत पंप सेट, ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों के लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन जमा करने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित किसानों ने इन योजनाओं के प्रति गहरी रुचि दिखाई एवं आगामी समय में इनसे लाभान्वित होने की आशा व्यक्त की।

## साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग की देखरेख में, चल रहे स्वच्छता अभियान 2025 के तहत, 28 अगस्त 2025 को साहिबगंज रेलवे स्टेशन मार्गों पर एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कचरा हटाना, जंगली वनस्पतियों को हटाना और स्टेशन परिसर के समग्र रखरखाव पर केंद्रित था, ताकि यात्रियों के लिए स्वच्छ और स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। साहिबगंज के हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने इस पहल में बड़े उत्साह के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। साहिबगंज यात्रियों और स्थानीय निवासियों के बीच स्वच्छता बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित आधार पर इस तरह के अभियान चला रहा है। मालदा डिवीजन सभी रेल उपयोगकताओं से अपील करता है कि वे अपना सहयोग बढ़ाएं और स्वच्छता अभियान 2025 की सफलता में योगदान दें, जिससे स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत के राष्ट्रीय मिशन को समर्थन मिले।

# सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, अब नाइट शिफ्ट में महिला डॉक्टर और शुक्रवार को हड्डी रोग का ऑपरेशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा व व्यवस्था में लगातार सुधार व बढोत्तरी हो रहा है। इस बीच अब मरीजों को नाईट में भी महिला डॉक्टर की सुविधा मिलेगी। इसे लेकर नाईट में महिला डॉक्टर अस्पताल में ही रहने के लिए कमरा की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर गुरुवार को सीएस डॉ. रामदेव पासवान ने निरीक्षण के दौरान जायजा लेते हुए दिशानिर्देश दिए है। सीएस ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में सदर अस्पताल जिला का बड़ा अस्पताल देखने लायक होगा। इसमे विशेषज्ञ डॉक्टर से लेकर सर्जन तक की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को



लेकर भी अस्पताल तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रसूता वार्ड के दाखिल होने के साथ ही एक ग्रिल लगाया गया जाएगा। ग्रिल के पास ही गार्ड व स्वास्थ्य कर्मी का टेबल रहेगा। ताकि मरीज के परिजन प्रसूता वार्ड के अंदर तक दाखिल नही हो सकेगा। इसे लेकर सीएस ने जल्द से जल्द काम शुरू कराने का निर्देश दिए है।इसके अलावा भर्ती मरीजों का स्वास्थ की जानकारी हासिल की है। साथ ही ओपीडी, आईपीडी, आई ओपीडी समेत अन्य विभागों का जायजा लेते हुए कई निर्देश दिए है। मौके पर डीएस डॉ. दिवेश कुमार व डॉ. मुकेश कुमार मौजूद थे।

**सदर अस्पताल में अब हर शुक्रवार को हड्डी मरीजों का होगा ऑपरेशन व इलाज**

सदर अस्पताल के स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर सीएस डॉ. रामदेव पासवान द्वारा लगातार प्रयास आज रंग लाया है। सीएस के प्रयास से सदर अस्पताल में हड्डी के रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार गुरुवार को यहां योगदान दिए है। डॉ. संदीप कुमार भागलपुर मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉक्टर है। डॉ. संदीप सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को मरीजो को देखेंगे व ऑपरेशन भी करेगे। सीएस ने बताया कि अब यहां के लोगो को हड्डी से संबंधित इलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। सदर अस्पताल में इलाज होगा। इससे यहां के लोगो को काफी लाभ मिलेगा।

**सदर अस्पताल में गंदगी देख बिफरे सीएस, कहा कि साफ-सफाई में कोई समझौता नही**

सीएस डॉ. रामदेव पासवान ने सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान ऊपरी मंजिल प्रसूता वार्ड में जहां तहां पान गुटखा का दाग व गंदगी देख सीएस ने सफाई कर्मी को जमकर फटकार लगाये है। सीएस ने कहा कि साफ-सफाई से किसी प्रकार की कोई समझौता नही किया जाएगा। सीएस ने अस्पताल मैनेजर को इसके लिए सख्त निर्देश दिए है। इसके अलावा सीएस ने शौचालय से लेकर अस्पताल परिसर के साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है।

संक्षिप्त खबरें

## गंगा पंप नहर विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर, 7.54 करोड़ की परियोजना ध्वस्त



**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर पंचायत क्षेत्र में गंगा पंप नहर विभाग की अब तक कि सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई है। हालांकि पूर्वी प्राणपुर पंचायत पर स्तिथ श्रीधर से लेकर साहेब टोला के बीच भीषण कटाव को ग्रामीण पहले से ही झेलते आ रहे है और इसी गंगा कटाव को रोकने के लिए सरकार के द्वारा बोल्डर क्रेटिंग का कार्य किया जा रहा है। पर गंगा नदी पर धसते हुए बोल्डर क्रेटिंग का वीडियो क्लिप और फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार गंगा कटाव को रोकने के लिए करीब 7.54 करोड़ की लागत बोल्डर क्रेटिंग का कार्य कराया जा रहा है। भ्रष्ट एजेंसी एवं सिस्टम पर बैठे दलाल अधिकारियों की पोल गंगा नदी ने खोलकर रख दी है। शांति मोड़ से लेकर साहेब टोला तक 1200 मीटर लंबी बोल्डर के क्रेटिंग कार्य कराया जा रहा है। जिसका एक हिस्सा गंगा नदी की कटाव के कारण ताश के पत्ते की तरह ढ़हते हुए गंगा नदी में समा गई। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि उनके द्वारा कार्य मे बरती गई भ्रष्टाचार को लेकर गंगा पंप नहर के विभागीय अधिकारियों को पहले ही चेतावनी दी गई थी कि बोल्डर सही से नहीं खपाया जा रहा है। साथ ही उसमें लगने वाले जाली तार भी पतले हैं, जिसे हटाकर मोटा तार लगाने की जरूरत है, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई है। अब ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो क्लिप वायरल करके जिले के डीसी हेमंत सत्ती व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अविलंब गंगा पंप नहर के विभागीय अधिकारियों पर करवाई करने की मांग किया है।

## थाना प्रभारी ने दीप प्रज्वलित कर सात दिवसीय भागवत कथा का किया उद्घाटन



**बरहेट** : प्रखंड में बुधवार को देर शाम नव युवक क्लब पंचकठिया बाजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ थाना प्रभारी पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान कथावाचक देवी आरती भारद्वाज, नव युवक क्लब अध्यक्ष सुरेश शाह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। वही दीप प्रज्वलित के पश्चात कमिटी के सदस्यों के द्वारा थाना प्रभारी पवन कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश पूजा लोकप्रिय त्यौहार है,पूरा देश गणेश महोत्सव में सराबोर हैं। वही धार्मिक कार्यो में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर मदद करने की अपील की। साथ ही कहा धार्मिक कार्यों में भगवान का वास होता है और धर्मिक कार्यों में रुचि रखने से मन तथा आत्मा को भी शांति मिलती है। इधर भागवत कथा शुरू होते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। आसपास से ग्रामीण भागवत कथा सुनने के लिए बढ़ चढ़कर भाग लिए। कथावाचक देवी आरती भारद्वाज पहले दिन समाज और धर्म पर कथा वाचन किया। मौके पर नव युवक क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## पुलिस ने दो युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत



**साहिबगंज** : तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो युवकों को पुलिस ने देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी अपने अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में गुरुवार को राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।आगे उन्होंने बताया की 27 अगस्त 2025 को एसपी अमित कुमार सिंह साहिबगंज को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम छोटीभगीयामारी नयाटोला थाना तालझारी के दो युवक हथियार (देशी कट्टा) के साथ रील बनाते हुए देखे गए हैं। उक्त दोनों युवकों द्वारा हथियार (देशी कट्टा) के साथ अपना फोटो/वीडियो बनाकर व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से सर्कुलेट किया गया है। एसपी साहिबगंज के द्वारा घटना में संलिप्त युवकों के गिरफ्तारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु राजमहल एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने दोनों युवकों के घर एवं संभावित ठिकाने पर छापामारी कर विनोद कुमार पिता धर्मवीर सिंह, व गोलू कुमार पिता मंटू चौधरी, दोनों का साकिन छोटीभगीयामारी, थाना तालझारी, जिला साहिबगंज निवासी को विधिवत गिरफ्तारी किया। दोनों युवकों के निशानदेही पर एक हथियार (देशी कट्टा व एक एंड्राइड मोबाइल) बरामद किया गया। इस संबंध में तालझारी थाना कांड संख्या 143/25, दिनांक 27 अगस्त 2025, धारा 25(1 बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर आगे अनुसंधान किया गया। वही 28 अगस्त 2025 को गिरफ्तार दोनों युवकों को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मौके पर छापामारी दल में एसआई नितेश कुमार पांडे थाना प्रभारी, एसआई संजीत मिश्रा, एएसआई बाधाराम मार्डी, एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## आरपीएफ ने घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया




**साहिबगंज** : आरपीएफ द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान। गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उपनिरीक्षक हिमांशु कुमार हेमंत की अध्यक्षता में उपनिषक सवाल किशोर, सहायक उप निरीक्षक रंजीत कुमार, सहायक उपरीक्षक बुद्धि राव उरांव, प्रधान आरक्षी तेज नारायण, आरक्षी सरोज कुमार ने रसलपुर दहला मोहल्ले में ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां ग्रामीणों को बताया गया कि चलती गाड़ी में पत्थर नहीं मारें जिससे यात्रियों को नुकसान होता है और चोटिल होने पर जीवन खतरा में पड़ सकता है। सभी आम जनों से घर जाकर अपील के गई कि अपने छोटे बच्चों को चलती गाड़ी में पत्थर नहीं मारने के लिए समझाए उससे पत्थर छटक कर बच्चे को भी नुकसान हो सकता है।

# स्कूल में छात्रा की जिंदा जलकर मौत, परिजनों का जोरदार हंगामा





## पथराव में हलवदार का सिर फटा, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा

पटना। बुधवार को पटना के गर्दनीबाग इलाके के आमला टोला कन्या विद्यालय के बाथरूम में 5वीं की छात्रा की जलकर मौत हो गई। गुरुवार को इसे लेकर हंगामा शुरू हो गया है। मृतका के परिजनों ने चितकोहरा गोलंबर में सड़क जाम कर दिया है। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है। परिजन सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं। भीड़ में से किसी उपद्रवी ने पत्थर फेंका, जिससे गर्दनीबाग थाने के हवलदार रंजीत कुमार घायल हो गए हैं। बच्ची की मां ने बातचीत में बताया- 'स्कूल के शिक्षकों की बदमाशी है। उन्होंने ही मेरी बच्ची की जलाकर हत्या की है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मेरी बच्ची ने बताया भी है कि उसके ऊपर किसी दूसरे ने केरोसिन उसे डालकर जलाया है। किसने जलाया वो ये नहीं बता सकी।' बहन से बताया, "मेरी बहन को किसी तरह की परेशानी नहीं थी। सुबह हंसते-खेलते स्कूल गई। एक हफ्ते पहले उसने स्कूल के शिक्षक अनिल के बारे में मुझसे बातचीत की थी।" "जोया ने बताया था- एक सर ने किसी लड़की का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। इसके बाद हमको डराया था कि अगर अपने परिजनों को बताया तो ळउ देकर स्कूल से बाहर कर दिया जाएगा।" मृतका के परिजनों के मुताबिक, 'जोया रोज की तरह बुधवार की सुबह अपने घर



इमारत विला से स्कूल के लिए निकली थी। स्कूल पहुंचने के बाद प्रार्थना में शामिल हुई, कब शौचालय के लिए गई, किसी ने नहीं देखा।' वहीं चश्मदीदों की माने तो जिस वक्त बच्ची बाथरूम से निकाली गई, वो जिंदा थी, लेकिन बेसुध हो गई थी। बस कराह रही थी। मौके से एक बोतल भी मिला है, जिसमें केरोसिन भरा था। परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक टीचर ने ही उसकी हत्या की है। हालांकि, पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। इस मामले में शिक्षक और परिजन की ओर से दो थ्योरी गढ़ी जा रही है। पहली थ्योरी स्कूल के कर्मियों की है। उनके मुताबिक, बच्ची बैग में पानी की बोतल में केरोसिन तेल छिपाकर लाई थी। प्रार्थना के बाद सीधे पानी भरने के बहाने बोतल बाथरूम की ओर लेकर गई। शौचालय में घुसकर खुद को आग के हवाले कर दिया। आग लगाने के बाद उसने गेट खोलकर बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन गेट खोलने के बाद बेसुध हो गई और गिर पड़ी। वहीं



परिजनों का कहना है कि बच्ची स्कूल के शिक्षकों का राज जान गई थी। ये राज किसी के सामने नहीं आए। इसलिए उसे शौचालय में तेल डालकर जला दिया गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ा है।पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग किया फिलहाल जाम हट गया है। मौके पर पुलिस तैनात है। लोगों के हंगामे को देखते हुए मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस हटाने में जुटी है। एक अन्य छात्र की मां अनिता देवी ने बताया- 'मेरे भी बच्चे इसी स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल की गतिविधि ठीक नहीं है। स्कूल के गेट पर बैग वगैरह सब कुछ चेक किया जाता है। फिर बच्ची कैसे वहां केरोसिन लेकर जा सकती है, यह संभव नहीं है। हादसा नहीं हत्या की गई है।' अनिता देवी के मुताबिक, 'इससे पहले भी एक बच्ची के साथ छेड़खानी हुई थी। जिसमें एक हैंडीकैप शिक्षक की पिटाई की गई थी। वो अब स्कूल छोड़कर चला गया है, नहीं आता है।' मोहल्ले की एक महिला परवीन ने बताया, 'स्कूल में गतिविधियां ठीक नहीं होने के चलते मैंने अपने बच्चों का नाम कटवा दिया। पहले मेरे बच्चे भी इसी स्कूल में पढ़ते थे।' 'जब मेरे बच्चे पढ़ते थे तो एंट्री के वक्त बैग वगैरह चेक किया जाता था। आखिर बच्ची इतनी चेकिंग के बावजूद स्कूल में माचिस और केरोसिन तेल लेकर कैसे पहुंच गई। इसमें पूरी साजिश है।' सेंट्रल रढ दीक्षा ने बताया कि 'पुलिस हर एंगल से इस घटना की जांच कर रही है। सुबह में खुद से करने की इन्फॉर्मेशन मिली थी। अगर खुद से आग लगाकर जान देने की कोशिश की है तो इसकी वजह क्या रही, इसकी भी जांच होगी। परिजनों ने पूर्व में हुई छेड़खानी की घटना को लेकर संदेह व्यक्त किए हैं। इसकी भी जांच की जा रही है। आस पास लोगों से भी पूछताछ हो रही है। अभी किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।' प्रदर्शन के दौरान किसी उपद्रवी ने पथराव किया। जिसमें गर्दनीबाग के सब इंस्पेक्टर के सिर में चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया। बुधवार को स्कूल गई छात्रा टॉयलेट में जली हालत में मिली थी, जिसकी पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं। परिजन और स्थानीय लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। सड़क जाम कर नारेबाजी कर रहे हैं।

# 50 हजार पीडीएस डीलरों को बिहार सरकार की बड़ी सौगात!



## 52 फीसद कमीशन बढ़ाया

पटना। बिहार सरकार ने पीडीएस दुकानदारों की एक पुरानी मांग को मान लिया है। लंबे समय से बिहार के पीडीएस डीलर कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। जिसे सरकार ने मान लिया है। सरकार का यह निर्णय न सिर्फ डीलरों के लिए राहत की खबर है बल्कि लाभुक उपभोक्ताओं तक भी बेहतर सेवा सुनिश्चित करने वाला कदम साबित होगा। राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए डीलर कमीशन की राशि में 52 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। अब राज्य के सभी पीडीएस डीलरों को प्रति क्विंटल खाद्यान्न पर 258.40 रुपये कमीशन मिलेगा। पहले यह राशि 211.40 रुपये प्रति क्विंटल थी। यह नई व्यवस्था सितंबर 2025 से प्रभावी होगी।अब तक डीलरों को केन्द्रांश और राज्यांश मिलाकर 90 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता था। बाद में इसे बढ़ाकर 211.40 रुपये प्रति क्विंटल किया गया। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब इसमें और 47 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, जिसके बाद दर 258.40 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।बिहार सरकार की ओर से जनवितरण प्रणाली को लगातार सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। इस फैसले से राज्यभर में काम कर रहे करीब 50 हजार पीडीएस डीलरों को सीधा लाभ होगा। सरकार का मानना है कि इससे खाद्यान्न वितरण प्रणाली और बेहतर होगी और उपभोक्ताओं तक समय पर अनाज पहुंच सकेगा।

## सीएम नीतीश की तारीफ करने पर युवक की पिटाई

किशनगंज। जियापोखर थाना क्षेत्र के बंदरझूला निवासी सोनू सिंह को नीतीश कुमार सरकार की प्रशंसा करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि जन सुराज पार्टी के कार्यकताओं ने उन्हें जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर रस्इ कैंप के पास ले जाकर बुरी तरह पीटा। पीड़ित सोनू सिंह ने बताया कि जन सुराज समर्थक मोहम्मद सद्दाम और मोहम्मद रिजवान उर्फ डालिम अपने भाई के साथ आए और जबरदस्ती उन्हें बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद नेपाल बॉर्डर के पास रस्इ कैंप के नजदीक ले जाकर मारपीट की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनसे कहा-"तुम जन सुराज को वोट नहीं देकर नीतीश कुमार को वोट क्यों दे रहे हो?

## संक्षिप्त डायरी

### औरंगाबाद में दरोगा 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार



औरंगाबाद। निगरानी विभाग ने एक दरोगा को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। दरोगा उमेश राम नगर थाना में पोस्टेड हैं। हालांकि कुछ दिनों पहले ही उसका ट्रांसफर नालंदा जिले में हो गया है, लेकिन यहां से अभी रिलीव नहीं हुए हैं। निगरानी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, शहर के वार्ड नंबर-23 स्थित विराटपुर मोहल्ला निवासी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने दरोगा उमेश राम के घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर निगरानी विभाग की टीम औरंगाबाद पहुंची। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम दरोगा को सर्किट हाउस ले गई जहां आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। पूरा मामला गैस एजेंसी के CHP ब्रांच से जुड़ा है। राजेश कुमार सिन्हा अपने घर में गैस एजेंसी के CHP ब्रांच का संचालन करते थे। जिसका रजिस्ट्रेशन उनकी पत्नी सीमा कुमारी अंबष्ट के नाम पर था। वार्ड पार्षद आरती श्रीवास्तव ने उल्ढ संचालन में अनियमितता से संबंधित शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी से की थी। कुटुंबा प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व में राजेश कुमार सिन्हा के आवास पर छापेमारी की गई। जहां एक गाड़ी में भारत और एचपी गैस सिलेंडर पाया गया। जिसमें 20 भरा हुआ और 60 खाली सिलेंडर मिले थे। जबकि सीएसपी ब्रांच में 7 भरे सिलेंडर या 100 किलोग्राम एलपीजी गैस रखना वैद्य है। मामले में पदाधिकारी के आवेदन पर नगर थाना में कांड संख्या 200/25 दर्ज किया गया था। जिसमें दरोगा उमेश राम को आईओ बनाया गया था।

### पति ने कुएं में कूदकर दी जान



बेगूसराय। युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक को 6 महीने पहले उसकी पत्नी छोड़कर मायके चली गई। दोनों की शादी के 10 साल हो गए, पर बच्चा नहीं हो रहा था। किसी बीमारी के कारण दिक्कत आ रही थी। बीमारी पति में थी या पत्नी में ये क्लियर नहीं, क्योंकि दोनों डॉक्टर के पास गए ही नहीं थे। बच्चा नहीं होने पर दोनों में काफी विवाद होने लगा। 6 महीने पहले मृतक नीतीश कुमार (28) पत्नी विभा कुमारी (25) को लाने उसके मायके गया था। पत्नी तो नहीं लौटी, उल्टा पत्नी ने नीतीश की बाइक भी छीन ली। जिसके बाद से नीतीश काफी तनाव में रहने लगा। अंत में नीतीश ने बुधवार को घर से 1 किमी दूर कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदिया मंदिर के पास की है। मृतक रजौड़ा वार्ड नंबर-12 निवासी किरणदेव चौधरी का इकलौता बेटा था। नीतीश की शादी वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के मैदा वभनगामा गांव विभा से हुई थी। चाचा अशोक चौधरी के मुताबिक नीतीश घर पर ही रहकर ताड़ी का कारोबार करता था। जब पत्नी नीतीश को छोड़कर मायके गई तो पांच भर (करीब 50 ग्राम) से अधिक सोने की ज्वेलरी, नगद और कुछ सामान भी ले गई थी। नीतीश ने 6 महीने में विभा को मनाने के लिए काफी प्रयास किया, पर वो नहीं मानी। नीतीश शाम 6 बजे घर से निकला था। किसी को नहीं पता था कि वो आत्महत्या करने के लिए जा रहा है। चलते-चलते वो एक कुएं के पास पहुंचा और उसमें कूद गया।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की मांग तेज



पटना। पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई को लेकर एकमा प्रखंड में आंदोलन ने रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार शाम को आयोजित बैठक में सबसे पहले हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। ग्रामीणों ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं बल्कि जनता की भावनाओं का प्रतीक है। इस अभियान से जुटाए गए हजारों हस्ताक्षर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को भेजे जाएंगे। बैठक में मौजूद नागरिकों और नेताओं ने कहा कि प्रभुनाथ सिंह ने हमेशा गरीब, किसान और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ी है। उनकी रिहाई केवल एक व्यक्ति की आजादी का सवाल नहीं बल्कि जनता के विश्वास और उम्मीदों का मुद्दा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त को एकमा में शांतिपूर्ण मार्च निकाला जाएगा। वक्ताओं ने साफ किया कि यह आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक होगा और इसमें हिंसा या अराजकता की कोई जगह नहीं होगी। इस मार्च के जरिए जनता अपनी एकजुटता और ताकत दिखाएगी। बैठक में युवाओं की उपस्थिति सबसे अधिक रही। उन्होंने न सिर्फ हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया बल्कि संकल्प लिया कि आने वाले दिनों में वे गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ेंगे। युवाओं ने कहा कि प्रभुनाथ सिंह ने हमेशा आवाजहीनों की आवाज बनकर काम किया है और अब जनता उनके लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगी।

# निगरानी टीम ने तीन जिलों में की कार्रवाई

## बीईओ, राजस्व अधिकारी और उद्योग केंद्र के कर्मी गिरफ्तार




पटना/भागलपुर। निगरानी विभाग ने आज एक साथ तीन जिलों में कार्रवाई करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी और जिला उद्योग केंद्र के एमएसएमआई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भोजपुर, खगड़िया और मधुबनी में की गई है। निगरानी विभाग की पहली कार्रवाई भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड में की गई है, जहां टीम ने शाहपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुलाम सरवर और एक सरकारी शिक्षक मोहम्मद कादिर हुसैन को एक लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में निगरानी विभाग के डीएसपी आदित्य कुमार ने बताया कि निगरानी विभाग की टीम ने इन दोनों को आरा-बक्सर फोरलेन के पास गजराजगंज में एक नाश्ते की दुकान से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में डीएसपी आदित्य कुमार ने बताया कि यह रिश्वत शाहपुर प्रखंड के बंशीपुर प्राथमिक विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक संतोष कुमार पाठक से मांगी गई थी। शिक्षक के दो साल का बकाया वेतन, जो कि करीब 8 लाख 54 हजार रुपए है, उसके भुगतान के लिए बीईओ गुलाम सरवर ने एक लाख रुपए बतौर नजराना की डिमांड की थी। शिकायत मिलने के बाद पटना से आई निगरानी टीम ने पूरी प्लानिंग के तहत जाल बिछाया और दोनों को एक लाख रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने दूसरी कार्रवाई खगड़िया में की, जहां टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई खगड़िया से धीमा गाँव जाने वाली सड़क में हेलनाधार पुल के उत्तरी छोर से की गई है। आरोपी राजस्व कर्मचारी सत्येन्द्र सिंह अलौली अंचल कार्यालय में पदस्थापित हैं। इस संबंध में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक विकाश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी मोरकाही थाना क्षेत्र के सहोरखा गांव निवासी मदन साह के पुत्र गुड्डू कुमार हैं। परिवादी गुड्डू कुमार ने टीम से पटना के कार्यालय में यह शिकायत की थी कि आरोपी राजस्व कर्मचारी सत्येन्द्र सिंह ने जमीन का दाखिल-खारिज करने के एवज में बीस हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद टीम ने किये गये शिकायत का सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के क्रम में आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण सही पाया। प्रथम द्रष्टया आरोप सही पाये जाने के बाद कांड सं0-69/25 के तहत टीम ने जाल बिछाया। टीम ने आरोपी राजस्व कर्मचारी सत्येन्द्र सिंह को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते खगड़िया से धीमा गॉव जाने वाली सड़क में हेलनाधार पुल के उत्तरी छोर से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही निगरानी टीम ने मधुबनी में उद्योग विभाग के कर्मचारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# महिला की मौत से गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क जामकर जमकर किया हंगामा



पटना। जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पैपूरा पंचायत के फतेहपुर मोड़ के पास बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए महिला को पीएमसीएच में भर्ती कराया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की घटना के बाद आक्रोशित हुए लोगों ने मृतका के शव को सड़क पर रखकर अगजनी करते हुए मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रशासन से दोषी बाइक सवार पर कार्रवाई और मुआवजा की मांग करते हुए जमकर विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस लोगों को समझाने बुझाने के लिए काफी देर तक मशक्कत करती रही। लेकिन मृतक के परिवार वाले और जाम करने वाले लोग पुलिस की सुनने के लिए तैयार थे। घंटो प्रयास के बाद किसी तरह लोगों को सड़क से हटाया गया।घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि कल्याणपुर-पैपूरा पंचायत के फतेहपुर पश्चिम गांव निवासी रामलाला मोची की पत्नी व शिव लखन मोची की पुतोहू ज्ञांति देवी (24) अपने घर फतेहपुर पश्चिम से पालीगंज बाजार जा रही थी। इसी बीच रोड पर बजरंगबली के मंदिर के पास पीछे से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में महिला बुरी तरह घायल हो गई। बाद में परिजनों ने उसे इलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बुधवार की देर शाम उसकी मौत हो गई।परिजन शव को लेकर जब घर पहुंचे तो गुस्साए ग्रामीणों ने शव को अरवल-पालीगंज पथ पर पालीगंज अब्दुल कलाम चौक के पास रख कर दोषीयों पर कार्रवाई व मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर सड़क से हटाने का काफी प्रयास किया, लेकिन लोग सड़क से हटाने के लिए तैयार नहीं थे। दोषी बाइक सवार पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर डटे रहे।

# एसआइआर से गमार्या चुनावी रण

## महंगाई, नौकरी पर टकरा रहे पक्ष-विपक्ष



सुनील राज, जागरण, पटना। बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़नी शुरू हो गई है। सत्तारूढ़ एनडीए तो दूसरी ओर विरोधियों के महागठबंधन के बीच मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू है। विपक्ष जहां एसआइआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) के साथ ही महंगाई, रोजगार, विधि-व्यवस्था पर पक्ष को घेरने में जुटा है तो दूसरी ओर सत्ता पक्ष घटक दल राज्य में विकास के कामकाज, आधारभूत संरचना ढांचे की उपलब्धियों और जन कल्याण के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम घोषणाओं को सामने रखकर विरोधियों को उसी के अंदाज में जवाब भी दे रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ने सियासी टकराव को और तेज कर दिया है। बीते 20 वर्षो से सत्ता से दूर महागठबंधन अपनी चुनाव नाकामियों से सबक लेकर इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले महंगाई और बेरोजगारी को सरकार की सबसे बड़ी विफलता बता रहे हैं। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि हो रही बावजूद नौकरियों-रोजगार के लेकर सत्ता पक्ष की ओर से झूठे वादे किए जा रहे हैं। सरकारी महकमों में लाखों पद खाली हैं परंतु सरकार भर्ती प्रक्रिया के नाम पर खानापूर्ति और कुछ नहीं हो रही। विधि-व्यवस्था का हाल बुरा है मगर सरकारी महकमा मौन है। एसआइआर को लेकर इनके आरोप हैं कि सरकार योजनाबद्ध तरीके से गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय के नाम मतदाता सूची से हटा रही है। दूसरी ओर भाजपा-जदयू जैसे राजनीतिक दलों की ओर से लगातार ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज किया जाता रहा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देकर पक्ष के दल दावा करते हैं कि भारत की बेरोजगारी दर जुलाई 2025 में घटकर 5.2 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 5.6 प्रतिशत थी। बिहार में भी रोजगार के फ्रंट पर सरकार लगातार काम कर रही है और सरकार ने अगले पांच वर्ष में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने की आधिकारिक घोषणा तक कर दी है। महंगाई दर में लगातार गिरावट हो रही है और आम आदमी सरकार के कार्यो से संतुष्ट है। पक्ष एसआइआर को निर्वाचन आयोग की नियमित प्रक्रिया बताकर सरकार की किसी भी प्रकार की भूमिका से सीधे पल्ला झाड़ लेता है। यही नहीं पक्ष सरकार के कार्यो का विस्तृत लेखा जोखा भी रखता है और दावा करता है कि 2020 से अब तक राज्य में हजारों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया। करीब दर्जन भर नए मेडिकल कालेजों की घोषणा हुई है। राज्य में पुल-पुलियों का जाल बिछाया गया। जनकल्याण के अनेक कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसके बाद एक बार फिर नए सिरे से दोनों गठबंधनों के बीच महागठबंधन की सरकार मे किए गए कार्यों का हवाला देकर बहस का रुख मोड़ दिया जाता है। ऐसे तमाम दावों और आरोप-प्रत्यारोप के बीच बिहार चुनाव में इस बार महंगाई और रोजगार जैसे परंपरागत मुद्दों के साथ-साथ मतदाता सूची की पारदर्शिता बड़े सवाल बन गए हैं। विपक्ष इन मुद्दों को जनता की नाराजगी से जोड़ रहा है, जबकि सत्ता पक्ष उपलब्धियों का हवाला दे रहा है।

# मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।



**एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।**

## खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।
अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।
मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।




# कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

**कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।**

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?
यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'
यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।
एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।
एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

## क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

# सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

## ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

## कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

## आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

## पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

## दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।





# सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

**ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।**

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

## हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

## ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।**

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

## प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।
मांसपेशियों में ऐंठन से राहत
सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

## गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।
रक्तचाप को करे बैलेंस
सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।



# गिल, जुरेल, ईश्वरन दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर, इन प्लेयर्स को मिला कप्तानी का मौका

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 2025-26 सीजन के पहले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ नहीं खेल पाए, जो गुरुवार को BCCI के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू हुई। उत्तर क्षेत्र की टीम के कप्तान बनाए गए गिल से पहले मैच में कप्तानी करने की उम्मीद थी, लेकिन बीमारी के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। 9 सितंबर से अबू धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले उनके इस सप्ताह के अंत में बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है।

गिल की अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने उनकी जगह अंतिम एकादश में जगह बनाई। उत्तर क्षेत्र की टीम में एशिया कप के लिए जाने वाले दो अन्य खिलाड़ी हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं, जो मैच में बाद में गेंदबाजी करेंगे।

सेंट्रल जोन के खेमे को एक और झटका लगा, जहां उनके नियुक्त कप्तान, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल कमर में दर्द की शिकायत के बाद नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। रजत पाटीदार, जिन्हें पहले उप-कप्तान बनाया गया था, अब टीम की कमान संभाल रहे हैं। सेंट्रल जोन की प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के साथ-साथ बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं।

ईस्ट जोन को भी झटका लगा जब नियमित कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण मैच से बाहर हो गए। उनकी जगह, ऑलराउंडर रियान पराग टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम की कप्तानी कर रहे हैं। गिल घरेलू सीजन में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व किया था, जहां उन्होंने 5 मैचों में 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे। उन्हें आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल 4 सितंबर से और फाइनल 11 सितंबर से एक ही स्थान पर होगा।



## भारत को एशिया कप में पाकिस्तान से खेलना चाहिए? मोहम्मद शमी ने दिया सीधा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट एशिया कप 2025 के अब कुछ ही दिन बचे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर बोर्ड की स्थिति स्पष्ट है लेकिन बड़ा वर्ग चाहता है कि ये मैच ना हो खासकर कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद। टीम का हिस्सा नहीं होने के बावजूद मोहम्मद शमी अपने घर से सूर्यकुमार यादव की टीम पर नजर रखेंगे और उन्होंने भारत-पाक मैच को लेकर अपने भाव व्यक्त किए हैं।

एक मीडिया हाउस से बातचीत में शमी ने कहा, 'मैं विवादों से दूर रहता हूं। सरकार और बोर्ड फैसला करते हैं और हम उसका पालन करते हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य टीमों की तुलना में पाकिस्तान के खिलाफ खेलना अलग है, या इसे किसी अन्य खेल की तरह ही माना जाता है, शमी ने कहा कि यह वास्तव में अलग है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ खेलना प्रशंसकों के जुनून के कारण अलग है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह प्रदर्शन करने के बारे में है।'

शमी से पाकिस्तान के खिलाफ खेलते समय स्लेजिंग की संभावित घटनाओं के बारे में भी पूछा गया, उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी किसी घटना का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'किसी ने नहीं। मैं सिर्फ एक बार टेस्ट मैच में नाराज हुआ था जब कोई समय बर्बाद कर रहा था। मैंने उन्हें अपना खेल खेलने के लिए कहा। यही मेरी आक्रामकता है।'

## दलीप ट्रॉफी - दानिश मालेवार और रजत पाटीदार के शतक, मध्य क्षेत्र की मजबूत शुरुआत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विदर्भ के रणजी ट्रॉफी नायक दानिश मालेवार और अनुभवी रजत पाटीदार ने शतक जमाकर गुरुवार को यहां उत्तर पूर्व क्षेत्र के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी जिससे मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन बारिश के कारण खेल रोके जाने से पहले 77 ओवर में दो विकेट पर 432 रन बना लिए।



पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक लगाने वाले 21 वर्षीय मालेवार ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दिन का खेल समाप्त होने के समय वह 198 रन बनाकर खेल रहे थे। RCB के IPL विजेता कप्तान पाटीदार ने 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली।

मालेवार ने अब तक अपनी पारी में एक छक्का और 35 चौके लगाए हैं, जबकि पाटीदार ने 21 चौके और तीन छक्के लगाए। मालेवार और पाटीदार ने तब मोर्चा संभाला जब सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (नाबाद 60) को पेट में गेंद लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। मालेवार ने चौका लगाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना तीसरा शतक पूरा किया।

दूसरी तरफ पाटीदार ने शानदार कवर ड्राइव से अपना 14वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। वह तेज गेंदबाज फीरोइजम जोतिन की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर अंकुर मलिक को कैच देकर पवेलियन लौटे। पाटीदार के आउट होने के बाद मालेवार और उनके रणजी साथी यश राठौड़ ने तीसरे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। जब बारिश के कारण खेल रुका तब राठौड़ 32 रन बनाकर खेल रहे थे।

## ऑलराउंडर विजय शंकर अब तमिलनाडु से नहीं खेलेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर विजय शंकर अब आने वाले घरेलू सत्र 2025-26 में तमिलनाडु की ओर से नहीं खेलेंगे। विजय शंकर ने राज्य की टीम छोड़ने की जानकारी तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) को देते हुए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मांगा था जो उन्हें दे दिया गया है। इस क्रिकेटर ने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैच में खेला था पर महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में शामिल नहीं किये जाने से नाराज होकर इस क्रिकेटर ने टीम छोड़ने का फैसला कर लिया हालांकि इस क्रिकेटर का कहना है कि उसने बेहतर अवसरों के लिए ये टीम छोड़ी है। अब माना जा रहा है कि ये ऑलराउंडर किसी और राज्य से खेलेगा।



विजय शंकर ने ये फैसला अचानक ही नहीं लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में भी उसे रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच ही खेलने को मिले थे। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुक़ाबलों में उसे अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। जिसके बाद से ही वह दूसरी टीम से खेलने की सोचने लगे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का एक दशक से अधिक समय का साथ समाप्त हो गया। उनकी कप्तानी में टीम ने विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू के बाद उन्हें मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह मिली थी। इस खिलाड़ी ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गेंदबाजी से 53.93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए। उनके लिए 2014-15 में रणजी सीजन बेहतरीन बीता जब उन्होंने 11 पारियों में 57.70 की औसत से 577 रन बनाए।

इसके बाद उन्हें इंडिया ए में जगह मिली ओर फिर 2019 के एकदिवसीय विश्वकप में शामिल किया गया। साल 2024-25 के रणजी सत्र में उन्होंने सेलम में चंडीगढ़ के खिलाफ 171 गेंदों पर 150 रनों की नाबाद पारी खेली जो कि उनके रणजी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी रही है। शंकर से पहले कप्तान बी अपराजित भी तमिलनाडु का साथ छोड़कर केरल चले गये थे।

शंकर के जाने से अब टीम के पास आर एस अम्ब्रिश के तौर पर एक विकल्प है। इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड में अंडर-19 में शानदार प्रदर्शन किया था। शंकर का जाना नए सत्र से पहले तमिलनाडु के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि आर साई किशोर हाथ की चोट से उबर रहे हैं।

## पीवी सिंधु ने वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराया, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



स्पोर्ट्स डेस्क - दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने गुरुवार को BWF विश्व चैंपियनशिप में विश्व की नम्बर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। सिंधु ने झीयी सीधे सेटों में हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर 15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। दूसरे गेम में भी सिंधु ने 12-6 के अंतर से बढ़त बनाने के बाद इसे कायम रखा। अंत में सिंधु ने दूसरा सेट 21-15 के अंतर से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना विश्व की नम्बर 1 बैडमिंटन खिलाड़ी साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

## संजू सैमसन ने फिर किया कमाल, शतक के बाद ठोकी 2 फिफ्टी

स्पोर्ट्स डेस्क। केरल क्रिकेट लीग में संजू सैमसन आए दिन अपने बल्ले से धमाल मचा रहे हैं। वह लगातार एक से बढ़कर एक पारियां खेल रहे हैं। संजू ने अपने प्रदर्शन से एशिया कप 2025 से पहले ही संजू सैमसन ने भारतीय टीम मैनेजमेंट और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की मुश्किल बढ़ा दी है। फिलहाल, एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में ओपनिंग के लिए 3 खिलाड़ियों में जंग देखने को मिल रही है। उपकप्तान शुभमन गिल के साथ अभिषेक शर्मा या फिर संजू सैमसन पारी का आगाज कर सकते हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि हेड कोच गंभीर लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशनल को तरजीह दे सकते हैं। ऐसे में संजू को बाहर बैठना पड़ता। अब संजू ने केरल क्रिकेट लीग में खुद को साबित कर गंभीर और सूर्या को विचार करने पर मजबूर कर दिया है। इस लीग में संजू ने अब तक तूफानी अंदाज में 1 शतक के साथ दो अर्धशतक भी ठोके। लीग के 15वें मुकाबले में कोच्चि ब्लू टाइगर्स का सामना अदानी त्रिवेंद्रम रॉयल्स से हुआ। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोच्चि ब्लू टाइगर्स को संजू सैमसन और विनूप मनोहरन ने तेज शुरुआत दिलाई। संजू ने 167.57 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 37 गेंदों पर 62 रन कूट दिए। इस दौरान संजू ने 4 चौके और 5 सिक्स लगाए। संजू के इस अर्धशतक की बदौलत कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए।

## भारतीय टीम के टी20 विश्वकप जीतने की संभावना नहीं : श्रीकांत

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे के श्रीकांत ने कहा है कि भारत की जो वर्तमान टीम है उससे अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को जीता नहीं जा सकता है। श्रीकांत ने कहा कि एशिया कप में ही ये टीम जीत सकती है। श्रीकांत ने कहा, हम इस टीम के साथ एशिया कप तो जीत सकते हैं पर टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि छह माह बाद होने वाले विश्व कप की तैयारी इस टीम के साथ करने से कोई लाभ नहीं होने वाला। माना जा रहा है कि श्रीकांत एशिया कप क लिए चयनित टीम से नाराज हैं। अक्षर पटेल को हटाकर शुभमन गिल को टीम में उपकप्तान बनाने पर भी सवाल उठाये हैं। साथ ही कहा कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को टीम में शामिल करने का फैसला भी गलत है। उन्होंने कहा, । अक्षर पटेल को उप-कप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू, शिवम और हर्षित कैसे टीम में आ गए। आईपीएल को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है पर लगता है कि चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। श्रीकांत ने कहा कि 5वें नंबर के लिए भी टीम के पास बल्लेबाज नहीं है। उन्होंने कहा, पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से किसी एक को रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

## हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने पाकिस्तान के हॉकी एशिया कप से बाहर होने की वजह बताई

**भुवनेश्वर (ओडिशा) (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार तिर्की ने हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 में पाकिस्तान और ओमान पुरुष हॉकी टीमों के भाग न लेने के कारणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है, जबकि ओमान के निजी कारणों से प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया गया है। बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें पाकिस्तान और ओमान ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाले इस आयोजन में अब बांग्लादेश और कजाकिस्तान की टीमें भाग लेंगी। पाकिस्तान, जो पारंपरिक रूप से एशियाई हॉकी के सबसे बड़े नामों में से एक है, भाग नहीं लेगा जिससे बांग्लादेश के लिए जगह बनाने का रास्ता साफ हो गया है। ओमान ने भी भाग न लेने का फैसला किया है और कजाकिस्तान ने उनकी जगह ले ली है।





हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 से बाहर रहने वाली टीमों के बारे में दिलीप तिर्की ने बताया, 'हॉकी पुरुष एशिया कप 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग लेंगी... इस टूर्नामेंट के बेहद सफल होने की उम्मीद है... बिहार सरकार इस टूर्नामेंट के लिए भरपूर सहयोग दे रही है... पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से और ओमान अपने निजी कारणों से इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है।' पुरुष एशिया कप बिहार के राजगीर में आठ शीर्ष एशियाई देश भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करता है जिससे हर खेल में अतिरिक्त तीव्रता और महत्व जुड़ जाता है। मेजबान भारत को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। वे 29 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे उसके बाद 31 अगस्त को जापान से भिड़ेंगे और 1 सितंबर को कजाकिस्तान के खिलाफ उनका अंतिम पूल मैच होगा।

## दानिल मेदवेदेव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए, रैकेट भी तोड़ा, लगा 42500 डॉलर का भारी जुर्माना



न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5.4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिए कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

# आज से राजगीर में शुरू होगा एशिया कप 2025, आठ प्रमुख टीमें इस टूर्नामेंट में लेंगी भाग

**पटना (एजेंसी)।** इंतज़ार खत्म हुआ क्योंकि 10 दिवसीय हीरो पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 कल से बिहार के राजगीर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर शुरू होने वाला है। यह हॉकी एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ शीर्ष एशियाई देश - भारत, जापान, चीन, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे - हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राजगीर पहुँच चुकी हैं जहाँ वे एशिया कप 2025 के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राजगीर के विभिन्न होटलों में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पर्याप्त सुविधाएँ और सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जबकि भारतीय हॉकी टीम के सदस्य खेल परिसर में ठहरेंगे।

सभी मैच कल यानी 29 अगस्त से राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जाएँगे और 7 सितंबर, 2025 को समाप्त होंगे। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करता है, जिसने प्रत्येक खेल को और अधिक गहन और महत्वपूर्ण बना दिया है।

### 11 संस्करणों में से, गत विजेता कोरिया ने 5 बार एशिया कप जीता

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने कहा, 'यह पहली बार है कि पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। यह एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं।'

उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित 11 संस्करणों में से, गत विजेता दक्षिण कोरिया पुरुष एशिया कप में भाग लेने वाली सबसे सफल टीम है, क्योंकि उसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में पाँच बार खिताब जीता है, जबकि मेज़बान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में कप जीता है और पाकिस्तान ने भी 1982, 1985 और 1989 में तीन बार यह खिताब जीता है। हॉकी प्रशंसकों को स्टेडियम में मैच देखने के लिए आकर्षित करने हेतु, हॉकी इंडिया ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राजगीर में होने वाले एशिया कप के सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा।

### हॉकी मैच देखने के लिए निःशुल्क टिकट

प्रशंसक www.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया ऐप पर जाकर अपने निःशुल्क टिकट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जहाँ प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा। आयोजन स्थल पर किसी भी तरह की भीड़भाड़ से बचने और प्रशंसकों को बिना किसी खर्च के विश्वस्तरीय हॉकी के रोमांच का आनंद लेने के लिए ये व्यवस्थाएँ की गई हैं, जिससे यह खेल पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गया है।

### कुल 24 मैच खेले जाएँगे; चार मैच 29 अगस्त को पहले दिन खेले जाएँगे।

मेजबान भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है। वे अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेंगे, उसके बाद 31 अगस्त को जापान से और 1 सितंबर को कज़ाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम पूल मैच खेलेंगे। पूल ए में, भारत-चीन मैच के अलावा, जापान और कज़ाकिस्तान भी पहले दिन भिड़ेंगे। जबकि, पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे शामिल हैं। उद्घाटन मैच मलेशिया और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा, जबकि पहले दिन का दूसरा मैच कोरिया और चीनी ताइपे के बीच खेला जाएगा।

हॉकी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बिहार के विभिन्न जिलों और देश के विभिन्न राज्यों में 'ट्रॉफी गौरव यात्रा' निकाली गई है। यह यात्रा 29 अगस्त को राजगीर पहुँचकर समाप्त होगी। 7 सितंबर, 2025 को होने वाले फाइनल मैच तक कुल 24 मैच खेले जाएँगे।

### बिहार में पुरुष हॉकी एशिया कप की



### मेजबानी, गर्व की बात

हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी को बिहार के लिए गर्व की बात बताते हुए, शंकरन ने कहा कि 'यह (एशिया कप की मेजबानी) न केवल राज्य की अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में बिहार की वैश्विक छवि को भी मज़बूत करेगा।' शंकरन ने कहा, 'राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विश्व स्तरीय हॉकी स्टेडियम इस आयोजन को और भी भव्य बना देगा। हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन बिहार के लिए ऐतिहासिक है, जो राज्य को खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा।'

### बिहार द्वारा आयोजित प्रमुख खेल आयोजन

राजगीर स्थित खेल परिसर ने बिहार को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है क्योंकि राज्य पहले ही कई टूर्नामेंट/चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है, जैसे नवंबर 2024 में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, जिसमें छह टीमों - भारत, मलेशिया, जापान, चीन, थाईलैंड और कोरिया - ने भाग लिया था। इस वर्ष मई (2025) में खेलो इंडिया यूथ गेम्स राजगीर सहित पाँच शहरों में आयोजित किए गए, जहाँ प्रमुख आयोजन हुए। सेपक टकराव विश्व कप 2025 पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित किया गया था।

## बदले हुए प्रारुप में आज से शुरु होगा प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र

विशाखापत्तनम। प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र शुक्रवार से शुरु होने जा रहा है। ये सत्र विशाखा स्पोर्ट्स क्लब, विशाखापत्तनम में शुरू होगा। इसका पहला मुकाबला तेलुगु टाइटंस और तमिल थलाइवाज के बीच होगा। इस सत्र के लिए इसी प्रकार टाई-ब्रेकर के नियमों को भी बदला गया है। जिससे भी इस लीग का रोमांच बढ़ेगा। लीग को लेकर इसमें शामिल सभी टीमों के कोच उत्साह से भरे हैं और सभी ने अपनी-अपनी टीमों की जीत का दावा किया है। बेंगलुरु बुल्स में शामि बीसी रमेश ने कहा, 'मेरे ऊपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। प्रशंसकों को उम्मीद है कि टीम अच्छा करेगी।' बेंगलुरु बुल्स का पिछले साल प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था इसके बाद पूरी टीम बदल दी गई है।' तमिल थलाइवाज़ के कोच संजीव बालयन ने कहा कि उनकी टीम जीत के लिए बिना किसी दबाव के उतरेगी। उन्होंने कहा, 'हर कोच जीतना चाहता है. हम भी वहीं चाहते हैं पर वही टीम जीतेगी जो दबाव से उबरकर बेहतर खेलेगी।' मौजूदा चैंपियंस हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने कहा, 'लीग बड़ी हो रही है और प्रारुप में बदलाव से कबड्डी को लाभ होगा। ये प्रारुप बहुत अच्छा है क्योंकि इसमें जो टीमें पीछे भी रह जाती हैं, उनके पास वापसी का अवसर रहता है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि अपनी ट्रॉफी का बचाव कर सकें। टीम भी पिछली बार से बेहतर हुई है।' वहीं पटना पाइरेट्स के कोच अनूप कुमार ने कहा, 'हमारी टीम काफी अच्छी रही है पर इससे यह एक तरह का दबाव भी है। खिलाड़ी बदलते रहते हैं। जब पटना ने लगातार तीन सत्र जीते, तब टीम अलग थी, कोच अलग थे जब दो बार फाइनल में पहुंचे, तब भी टीम अलग थी। ये सीजन एक नया सीजन है. कुछ खिलाड़ी बदले हैं तो कुछ पिछले सीजन से हैं. कोच भी बदला है. यही प्रयास यह है कि इस बार अच्छी शुरुआत हो और जो टीम पिछले सीजन में नहीं कर पाई, वो इस बार कर दिखाए।.' बंगाल वॉरियर्स के कोच नवीन कुमार ने कहा कि उनकी युवा टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने एक युवा टीम बनायी है जो अपने को साबित करेगी।' पुनेरी पलटन के कोच अजय ठाकुर ने कहा, 'मैं फिटनेस पर बहुत काम कर रहा हूं. मुझे लगता है जो टीम कम डिफेंसिव गलतियां करती है, वही जीतती है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि हमारी डिफेंस मजबूत हो।'

# भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं: भागवत




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि संघ का कार्य शुद्ध सात्त्विक प्रेम और समाजनिष्ठा पर आधारित है। संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता। यहां इंसेंटिव नहीं हैं, बल्कि डिसइंसेंटिव अधिक हैं। स्वयंसेवक समाज-कार्य में आनंद का अनुभव करते हुए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी को प्राथमिकता दें तथा भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला 100 वर्ष की संघ यात्रा - नए क्षितिज के दूसरे दिन बुधवार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उत्तर क्षेत्र के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे।सरसंघचालक ने चिंता जताई कि दुनिया कट्टरता, कलह और अशांति की ओर जा रही है। पिछले साढ़े तीन सौ वर्षों में उपभोगवादी और जड़वादी दृष्टि के कारण मानव जीवन की भद्रता क्षीण हुई है। उन्होंने गांधी जी के बताए सात सामाजिक पापों, काम बिना परिश्रम, आनंद बिना विवेक, ज्ञान बिना चरित्र, व्यापार बिना नैतिकता, विज्ञान बिना मानवता, धर्म बिना बलिदान और राजनीति बिना सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज में असंतुलन गहराता गया है।

भागवत ने कहा कि आज दुनिया में समन्वय का अभाव है और दुनिया को अपना नजरिया बदलना होगा। दुनिया को धर्म का मार्ग अपनाना होगा। पूजा-पाठ और कर्मकांड से परे धर्म है। सभी प्रकार के रिलिजन से ऊपर धर्म है। धर्म हमें संतुलन सिखाता है - हमें भी जीना है, समाज को भी जीना है और प्रकृति को भी जीना है। धर्म ही मध्यम मार्ग है जो अतिवाद से बचाता है। धर्म का अर्थ है मर्यादा और संतुलन के साथ जीना। इसी दृष्टिकोण से ही विश्व शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में संघ की साख पर विश्वास है। संघ जो कहता है, उसे समाज सुनता है।यह विश्वास सेवा और समाजनिष्ठा से अर्जित हुआ है।

भविष्य की दिशा पर सरसंघचालक ने कहा कि संघ का उद्देश्य है कि सभी स्थानों, वर्गों और स्तरों पर संघ कार्य पहुँचे। साथ ही समाज में अच्छा काम करने वाली सज्जन शक्ति आपस में जुड़े। इससे समाज स्वयं संघ की ही तरह चरित्र निर्माण और देशभक्ति के कार्य को करेगा। इसके लिए हमें समाज के कोने-कोने तक पहुंचना होगा। भौगोलिक दृष्टि से सभी स्थानों और समाज के सभी वर्गों एवं स्तरों में संघ की शाखा पहुंचानी होगी। सज्जन शक्ति से हम संपर्क करेंगे और उनका आपस में भी संपर्क कराएंगे। आर्थिक दृष्टि पर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयोग हुए हैं, लेकिन अब राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रतिमान गढ़ना होगा। हमें एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और पर्यावरण का संतुलन हो। ताकि वे विश्व के लिए उदाहरण बने। पड़ोसी देशों से रिश्तों पर उन्होंने कह कि ÷नदियाँ, पहाड़ और लोग वही हैं, केवल नक्शे पर लकीरें खींची गई हैं। विरासत में मिले मूल्यों से सबकी प्रगति हो, इसके लिए उन्हें जोड़ना होगा। पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं, पर संस्कारों पर मतभेद नहीं है।

## बिहार की जनता वोट की चोट से राजग को सीखाएगी सबक : राहुल गांधी

**पूर्वी चंपारण (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओ का काफिला गुरुवार को मोतिहारी पहुंचा। सीतामढ़ी और मोतिहारी जिले को जोड़ने वाले फुलवरिया घाट पुल से होकर काफिला सीधे ढाका पहुंची, जहां नेताओं ने कुछ समय के लिए विश्राम किया। ढाका में करीब डेढ़ सौ वीआईपी नेताओं के ठहरने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी । इसी दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, सीपीआई(एमएल) नेता दीपांकर भट्टाचार्य और राजद सांसद संजय यादव समेत कई नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को संबोधित किया। पवन खेड़ा ने कहा कि आज पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यहां के लोगों का दिल बड़ा है। पिछले चुनाव में बिहार ने 40 में से 39 सांसद एनडीए को जिताया था, लेकिन यह चोर सरकार अब वोट चुराने में जुटी हुई है। राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मौजूदा केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ÷यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। जनता के वोट चुराकर सत्ता हासिल करना इनकी आदत बन चुकी है। लेकिन इस बार बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और वोट की चोट से इनको सबक सिखाएगी। इसके बाद शाम चार बजे राहुल गांधी का काफिला ढाका से चिरैया,लालबेगिया होते मोतिहारी शहर पहुंचा,जहां जगह-जगह लोगो ने स्वागत किया।मोतिहारी शहर में भी उनके काफिले को जगह जगह स्वागत किया गया। उनका काफिला छतौनी चौक,मीनाबाजार होते गांधी संग्रहालय पहुंचा,जहां उन्होने ऐतिहासिक गांधी स्मारक पर पुष्प अर्पित किया।तत्पश्चात उनकी यात्रा हॉस्पिटल चौक होते बापू सभागार पहुंचा।जहां राहुल समेत महागठबंधन के नेता कार्यकर्ताओ को संबोधित करते राहुल गांधी ने कहा कि पूरी सजगता से वोट की चोट से एनडीए को सबक सिखाएं।

## निजी स्कूल की बस खाई में गिरी...12 से ज्यादा बच्चे घायल

हल्द्वानी (एजेंसी)। उत्तराखंड के हल्द्वानी के बरेली रोड पर जयपुर बीसा गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। निजी स्कूल की बस, जिसमें बच्चे सवार थे, दूसरी बस को साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई कर सभी बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें 12 से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बस चालक और परिचालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा हैं कि हादसा पदमपुर देवलिया गांव के पास हुआ, जहां बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। घटनास्थल स्कूल के करीब होने की वजह से स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को हल्द्वानी के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दो स्कूल बसें चौराहे के पास साइड ले रही थीं। इस दौरान एक बस ज्यादा किनारे चली गई और खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में करीब 40 बच्चे सवार थे, जिनमें से 12 से ज्यादा घायल हुए। प्रधान ने कहा, इस क्षेत्र के बस चालक अक्सर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि हादसे वाली जगह पर नाला है, लेकिन शुक्र है कि नाले में पानी नहीं था, वरना कई बच्चों की जान जा सकती थी।

## भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद... कंगना ने प्रभावित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे फिर से बंद हुआ है। इस भूस्खलन में पंडोह डैम के करीब, कैंची मोड़ पर, हाईवे का एक बड़ा हिस्सा ढह गया है। इस घटना ने यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बढ़ा दी है। बात दें कि वर्तमान में हाईवे पूरी तरह बंद है। वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए कोई रास्ता नहीं। इस घटनाक्रम पर मंडी से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने दुख जाहिर कर प्रभावित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि वह प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं और राहत कार्य जारी है। फिलहाल, मंडी से कुल्लू-मनाली के लिए कटौला मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां छोटे वाहनों को हर एक घंटे में जाने की अनुमति है। 2023 में भी इसी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिससे हाईवे को ठीक करने में 8 महीने लगे थे। स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई की टीमें मौके पर मौजूद हैं और मरम्मत कार्य में लगी हैं, लेकिन लगातार बारिश और भूस्खलन का खतरा काम को मुश्किल बना रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे जरूरी होने पर ही यात्रा करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## वैष्णो देवी मंदिर के पास हुए भीषण भूस्खलन में अब तक 35 शव बरामद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के पास भीषण भूस्खलन के बाद बचाव दल ने गुरुवार सुबह तक मलबे से 35 शव बरामद कर लिए हैं। जम्मू के कई इलाकों में बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कुल 39 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कटरा भूस्खलन में मारे गए लोग भी शामिल हैं। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि अर्धकुंवारी के पास मलबे से अभी तक 35 शव बरामद किए गए हैं। अब तक 22 शवों की पहचान हो चुकी है। इसमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कई के परिवार कटरा पहुंच चुके हैं और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। भूस्खलन की घटना के बाद माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित की थी, लेकिन बुधवार शाम को पुराने मार्ग से बहाल कर दी गई।

## दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता, एनकाउंटर के बाद बिश्नोई गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में अपराध पर लगाम कसते हुए दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो अपराधियों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में हुई, जहां पुलिस ने दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखकर दोनों बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों के पैरों में गोली मारी और उन्हें घायल कर दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कार्तिक जाखड़ और कविश के रूप में हुई है। दोनों लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं और इन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किए हैं। इस बीच झारखंड एटीएस ने भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। इसी महीने की शुरुआत में झारखंड पुलिस ने गैंगस्टर मयंक सिंह को अजरबैजान की राजधानी बाकू से प्रत्यर्पित कर भारत लाया। एटीएस के एसपी ऋषव कुमार झा ने इसे झारखंड पुलिस के इतिहास में पहला सफल प्रत्यर्पण बताया है। बताया जा रहा है कि मयंक सिंह, अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के बीच संपर्क का माध्यम था। उसके खिलाफ झारखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उससे गिरोह के नेटवर्क और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

## अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग में भूकंप के झटके से सहमे लोग

पूर्वी कामेंग (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में गुरुवार की सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह 8.05 बजे आया और इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में एनसीएस ने बताय कि भूकंप की तीव्रता 3 ।6 मैग्निट्यूड आंकी गई है। भूकंप के बाद किसी जानमाल की हानी की बात सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, इससे पहले 23 अगस्त को असम के कार्बी आंगलोंग में 2.7 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था।

## ट्रंप के टैरिफ विवाद के बीच शिवराज की अपील... स्वदेशी अपनाना, भारत को अपनाने जैसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रंप के टैरिफ विवाद के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वदेशी अपनाओ का नारा देकर कहा है कि अगर हमें आगे बढ़ना है, तब हम सभी को स्वदेशी को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना, भारत को अपनाने जैसा है। केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने पोस्ट कर लिखा, स्वदेशी ही भारत की असली शक्ति है। अगर हमें आगे बढ़ना है, तब स्वदेशी को अपनाना होगा। स्वदेशी सिर्फ वस्त्र या वस्तु नहीं, यह आत्मनिर्भरता का मंत्र है। यह हमारे किसानों की मेहनत का सम्मान है, हमारे कारीगरों के हुनर की पहचान है और हमारे उद्योग व युवाओं की ताकत है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने लिखा, स्वदेशी यानी अपनी माटी की खुशबू है। स्वदेशी यानी वह समान, जिस सामान को बनाने में हमारे देशवासियों का पसीना बहाया है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तब हम सिर्फ एक वस्तु नहीं चुनते, बल्कि भारत के भविष्य को चुनते हैं।

चौहान ने लिखा है, हमारे स्वदेशी सामान अपनाने से गांव मजबूत, किसान संपन्न, उद्योग बढ़ने और भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इससे पहले चौहान ने एक कार्यक्रम कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अपील की है और हम सभी को अपील पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करें। उन्होंने अनुरोध कर कहा, आप सबसे अपील है कि अपने दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों में स्वदेश में बने उत्पादों का ही उपयोग करें। यह हमारे देश के लोगों को रोजगार देगा और हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा।

# हिमाचल में बारिश का तांडव, तीन दिन में जाम में फंसे ट्रक... सब्जी और खाने की चीजों की किल्लत



**कुल्लू (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा। भारी बारिश के चलते बानला में हुए भूस्खलन ने चंडीगढ़-मनाली हाईवे को पूरी तरह ठप किया है। यहां कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हिमाचल में कई सड़कें टूट गई हैं और नदियां उफान पर हैं। इसके बाद यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

कुल्लू जिले के बानला में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, इससे चंडीगढ़-मनाली हाईवे अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत का काम जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन प्रकृति के इस प्रकोप के आगे अभी राहत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। ब्यास नदी के उफान ने हाईवे का एक हिस्सा बहा दिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

बीते तीन दिनों से मंडी जिले के पंडोह से ऑट तक हाईवे बंद है। सैकड़ों ट्रक और कारें सड़क पर फंसी हैं और ड्राइवरों का सब्र भी जवाब दे रहा है। सब्जियां और सामान खराब हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। अमृतसर से कुल्लू-मनाली जा रहे ड्राइवर ने बताया, चार दिन हो गए, हम यहीं फंसे हैं। सड़क की हालत खराब है और टोल टैक्स के 260 रुपये भी वसूल रहे हैं। प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिल रहा।

वहीं, ड्राइवर ने कहा, घर पहुंचना मुश्किल हो गया है। सड़कें टूटी हैं, नदियां उफान पर हैं। प्रशासन ने खाने-पीने या ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं की। कुछ ढाबे वाले और लंगर वालों की मदद से जैसे-तैसे गुजारा हो रहा है।

कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बताया कि जिले के कई हिस्सों को खाली कराया जा रहा है। लगातार बारिश से नेशनल हाईवे कई जगह क्षतिग्रस्त है। ब्यास नदी का जलस्तर बहुत ऊंचा है। लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील है। उन्होंने बताया कि बिंदु ढांक में हाईवे को भारी नुकसान पहुंचा है और बहंग में कुछ दुकानें और रेस्तरां पानी की चपेट में हैं।

## हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना लागू....पात्र महिला के खाते में 2100 रुपए आएंगे

चंडीगढ़ ।हरियाणा में नायाब सैनी सरकार की कैबिनेट की गुरुवार को हुई बैठक में बीजेपी के चुनावी संकल्प पत्र के वादे को पूरा कर लाडो लक्ष्मी योजना पर मुहर लगाकर महिलाओं को बड़ी सौगात दी गई।हरियाणा सीएम ने कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि 25 सितंबर से हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना लागू की जाएगी।हर महीने पात्र महिला को 2100 रुपए मिलने है।सीएम सैनी ने बताया कि कुछ ही दिनों में लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का नोटिफिकेशन भी सरकार जारी करेगी।उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए एक एप तैयार होगा।उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और पंजाब की मान सरकार पर निशाना साधकर कहा कि उन्होंने कभी अपने वादे पूरे नहीं किए लेकिन हरियाणा की बीजेपी सरकार ने जो भी वादे किए थे, सभी को पूरा किया जा रहा है।हरियाणा सीएम ने गुरुवार को बड़ा सरप्राइज देकर हरियाणा की महिलाओं को ये सौगात दी।इससे पहले उन्होंने कहा था कि पहले बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और दूसरे बजट आने के साथ ही योजना को लागू कर दिया जाएगा।

# कहीं शशि थरूर सीएम तो नहीं बनना चाह रहे..? केरल कांग्रेस में बढ़ी हलचल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा है कि वह केरल की अर्थव्यवस्था को सुधारने और राज्य को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने पर काम करना चाहते हैं। थरूर ने साफ किया कि यदि वह इस दिशा में योगदान दे सके तो यह उनके लिए किसी भी पद से ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। उनके हालिया बयान ने सियासी हलचल तेज कर दी है और पार्टी के भीतर चर्चाएं होने लगी हैं कि क्या थरूर आने वाले समय में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने जा रहे हैं।

यहां ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोलते हुए थरूर ने कहा, कि केरल को एक 'इन्वेस्टर प्रोटेक्शन एक्ट' की सख्त जरूरत है। उनके मुताबिक, निवेशकों को भरोसा होना चाहिए कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा, कि कारोबार में नुकसान अलग बात है, लेकिन राजनेताओं, अधिकारियों या यूनियनों की वजह से कोई निवेशक प्रभावित नहीं होना चाहिए। थरूर ने यह भी कहा कि राज्य में हड़तालों पर रोक लगाई जानी चाहिए और अनावश्यक नियमों को 90 प्रतिशत तक कम करना होगा।

### अर्थव्यवस्था को सुधारने पर फोकस

सांसद थरूर ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि केरल कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है और उसे बदलाव की सख्त जरूरत है। उनका कहना है कि सही नीतियों के जरिये राज्य को निवेश और विकास का केंद्र बनाया जा सकता है। इसी बीच जब उनसे पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री पद की ओर देख रहे हैं, तो थरूर ने कहा, कि मैंने कभी किसी पद की चाह नहीं रखी। मुझे हमेशा लोगों ने बुलाया और मैंने सेवा की। कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में भी मैंने केवल इसलिए हिस्सा लिया क्योंकि कई लोगों ने मुझसे ऐसा करने को कहा था।

यहां बताते चलें कि अगले साल केरल विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अगुवाई में एलडीएफ तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव करो या मरो की स्थिति जैसा है। पार्टी के भीतर इस बात पर मंथन जारी है कि आगामी चुनाव में किसे नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जाए।

थरूर के अलावा वीडी सतीसन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्नीथला के नाम भी संभावित चेहरों में गिने जा रहे हैं। कुल मिलाकर, थरूर के बयानों ने कांग्रेस खेमे में नए समीकरणों की चर्चा को हवा दे दी है। अब देखना यह होगा कि पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने पर विचार करती है या नहीं।

## जब तक मैं जीवित हूं, लोगों का मताधिकार किसी को भी छीनने नहीं दूंगी... बीजेपी पर बरसीं ममता बनर्जी



**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के दौरान, लोगों की भाषा बांग्ला थी, इसीलिए वे बांग्ला में बात करते हैं। भाजपा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 500 सदस्यीय टीम लाकर सर्वेक्षण कर रही है। अपने दस्तावेज़ उनके साथ साझा न करें। क्योंकि वे आपके दस्तावेज़ एकत्र करने और मतदाता सूची से आपके नाम हटाने की योजना बना रहे हैं। बस आधार कार्ड ले जाएं क्योंकि यह एक अनिवार्य आईडी प्रूफ है।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''अगर बांग्ला ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भुला दें। हम इस भाषाई आतंक को बर्दाश्त नहीं करेंगे।''

मता बनर्जी ने कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार छीनने नहीं देंगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हम महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' योजना लेकर आए हैं, जबकि भाजपा के पास 'भ्रष्टाचार भंडार' और भाई-भतीजावाद है। वे देश को लूट रहे हैं, जबकि हम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)-नीत वाम दल पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह (वाम दल) उनसे मुकाबला करने के लिए भाजपा से हाथ मिला रहा है।

पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पहले हम देखते थे कि हर कोई वोट देकर अपने प्रतिनिधियों को चुनकर सत्ता में आता था। लेकिन आज हम देखते हैं कि मौजूदा सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए अपने मतदाताओं को चुन रही है। पहले लोग सरकार चुनते थे, अब सरकार लोगों को चुन रही है (जिन्हें वोट देने की अनुमति होगी)। क्या बंगाल इसके खिलाफ लड़ेगा या नहीं?

# उत्तर भारत में सबसे ज्यादा सक्रिय रहा मानसून, सामान्य से 21 प्रतिशत ज्यादा हुई बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते 12 सालों में इस साल सबसे ज्यादा बारिश उत्तर भारत में हुई है। यहां अब तक सामान्य से 21 प्रतिशत ज्यादा पानी गिरा है। पिछले साल अगस्त में भारी (64.4-115.5एमएम) से बहुत भारी वर्षा (115.5-204.4एमएम) की घटनाएं ज्यादा हुई थीं, लेकिन अत्यंत भारी वर्षा की घटनाएं इस साल के मुकाबले कम थीं। पिछले साल उत्तर भारत में अगस्त का महीना 1996 के बाद (28 वर्षों में) सबसे अधिक बरसात वाला रहा। पूरे क्षेत्र में 256.4एमएम बारिश दर्ज की गई थी। लेकिन, इस साल मौजूदा महीने में अभी तक (26 अगस्त तक) 209.4 एमएम वर्षा दर्ज हो चुकी है और पांच दिन बाकी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी एक या दो दिन यही स्थिति बनी रह सकती है।

आईएमडी के अनुसार 25 अगस्त तक उत्तर भारत में अत्यंत भारी बारिश की 21 घटनाएं दर्ज की हैं, जो कि पिछले साल की ऐसी 14 घटनाओं से कहीं ज्यादा है। 2013 के मानसून में ही उत्तराखंड में केदारनाथ वाली तबाही आई थी। सबसे चिंताजनक बात ये है कि अगस्त में इस इलाके ने अबतक सबसे ज्यादा अत्यंत भारी वर्षा वाले दिन दर्ज किए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 2021 से यह डेटा जुटाना शुरू किया है। आशंका है कि इस महीने के अंत तक अत्यंत भारीवर्षा वाली घटनाओं की संख्या और बढ़ेगी, जिससे हाल के वर्षों में यह सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले मानसून में शामिल हो जाएगा। आईएमडी के मुताबिक अत्यंत भारी वर्षा का मतलब है, जब किसी जगह पर 24 घंटे में 204.5एमएम से अधिक बारिश होती है। यही नहीं, इस बार के मानसून में उत्तर भारत ने अबतक के तीनों महीनों (जून, जुलाई, अगस्त) में सरप्लस बरसात दर्ज की है, जो कि देश के चारों क्षेत्रों में सबसे अधिक है और यह भी 2013 के बाद पहली बार हो रहा है।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बारिश

आईएमडी प्रमख मृत्युंजय महापात्रा के अनुसार, पिछले दो महीनों में उत्तर पश्चिम भारत (मौसम विभाग के हिसाब से उत्तरी भारत) में खूब बारिश हुई है। इसका मुख्य कारण है, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मॉनसूनी हवाओं का बार-बार टकराना। कभी-कभी अरब सागर से भी मानसूनी हवाएं आती हैं। आईएमडी उत्तर पश्चिम भारत में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को शामिल करता है। आईएमडी के अनुसार अत्यंत भारी वर्षा की ज्यादातर घटनाएं हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर में हुई हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**